दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। शनिवार 08 नवम्बर -2025 ● वर्ष : 10 अंक : 320 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## वंदे मातरम 150: हर भाषा में चलेगा अभियान, स्वदेशी के संकल्प के साथ राष्ट्र चेतना की नई शुरूआत : अमित शाह



**पटना।** 'वंदे मातरम' की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को बिहार की राजधानी पटना में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि 'श्ंल्लीटिंइ१ें150' नाम से एक राष्ट्रीय सोशल मीडिया अभियान शुरू किया जा रहा है, जो देश की हर भाषा में चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य 'वंदे मातरम' के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक चेतना को सशक्त बनाना है।

शाह ने इस मौके पर स्वदेशी संकल्प पत्र का सामूहिक पाठ भी किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

गृह मंत्री ने कहा कि 150 वर्ष पहले, आज ही के दिन महान स्वतंत्रता सेनानी बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 'वंदे मातरम' की रचना की थी, जो आगे चलकर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का उद्घोष बना। उन्होंने कहा, 'यह गीत केवल शब्द नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय चेतना का महामंत्र है। आजादी के बाद भी इसने देश को जोड़ने और एक सूत्र में बाँधने का कार्य किया।'

अमित शाह ने कहा कि 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने पर यह सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि एक वर्ष लंबी राष्ट्रीय जागृति यात्रा की शुरूआत है। इस दौरान देशभर में सामूहिक गान, जन-जागरूकता अभियान और डिजिटल माध्यमों से कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सरकार, राजनीतिक दलों, स्वयंसेवी संस्थाओं और नागरिक समूहों द्वारा भी विविध आयोजन किए जा रहे हैं। शाह ने कहा कि 'वंदे मातरम' मूल रूप से बंकिमचंद्र की प्रसिद्ध कृति 'आनंद मठ' का हिस्सा है, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने याद दिलाया कि 1936 के बर्लिन ओलंपिक में फाइनल मैच से पहले भारतीय हॉकी टीम ने सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' गाया था। उसी क्षण यह गीत देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बन गया।

## वंदे मातरम से दिया अतुल गर्ग ने पैगाम

# झुकना है सिर्फ खुदा के आगे तो फिर क्यों किया औरंगजेब को सलाम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा इन दिनों राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं जयंती मना रही है। जयंती के अवसर पर शालीमार गार्डन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी रहे। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग भी रहे।

सांसद अतुल गर्ग का एक अंदाज है कि वो हमेशा मौके पर चौका मारना नहीं चूकते। जब लोकसभा में पहली बार वो पहुंचे थे और शपथ ली थी और उनका मुड़कर वापस आना और जिंदाबाद करना सभी को याद है। जब उन्हें माईक मिला तो उन्होंने वंदेमातरम



गीत को बंकिमचंद चटर्जी से शुरू किया और औरंगजेब तक पहुंचा दिया। अतुल गर्ग का ये अंदाज था कि वो मंच पर थे और सामने तालियां बज रही थीं। सांसद अतुल गर्ग ने माईक थामा और कहा कि

**- भारत माता के इस गीत में चंद्रमा और सूरज से मिलने वाली ऊर्जा और उसके आशीर्वाद के लिए धन्यवाद है : अतुल गर्ग**

बंकिमचंद चटर्जी ने वंदेमातरम गीत लिखा। इसके बाद वो उपन्यास से युवा सन्यासी तक आये और फिर उन्होंने बताया कि उस समय समाज में हिन्दु-मुस्लिम चल रहा था और तब मोक्ष की चिंता छोड़कर भारत माता की चिंता एक सन्यासी ने की। वंदे मातरम गीत में भारत मां के आंचल से जो नदियां बहती हैं उनका गुणगान किया गया है। भूमि, वनस्पति, फल , वृक्ष सभी के लिए धन्यवाद है। भारत माता के इस गीत में चंद्रमा और सूरज से मिलने वाली ऊर्जा और उसके आशीर्वाद के लिए धन्यवाद है। एक देवी के रूप में इस गीत में भारत मां की स्तुति की गयी है।

सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि ये गीत संसद के अंदर कई बार गाया गय है, बोला गया है। इसके बाद वो मुख्य विषय पर आये और उन्होंने कहा कि एक समुदाय इसका विरोध करता है। और उस समुदाय का ये कहना है कि हमारे धर्म में अल्लाह से सिवा किसी और के आगे सर झुकाने की मनाही है। सांसद ने कहा कि चलो मान लिया कि तुम्हारी बात सही है लेकिन कोई ये तो बताये कि कौन सा मुगल शासक ऐसा था जिसके आगे तुमने तीन बार सिर झुकाकर सलाम नहीं किया। औरंगजेब के आगे क्या सलाम नहीं किया और जब वहां सिर झुकाकर सलाम कर रहे थे तब ये फरमान कहां चला गया था। ये सवाल तो तब भी उठना चाहिए था। सांसद ने कहा कि औरंगजेब के आगे सिर झुकाने वाले ये बतायें कि अगर वो माई के लाल होते तो सीना तान के खड़े होते। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि ये सवाल अब उठना चाहिए और हर गली में उठना चाहिए। सांसद ने कहा कि ये सवाल उठते रहना चाहिए और फिर भारत माता की जय और वंदे मातरम के साथ उन्होंने अपना भाषण पूरा किया।

## महफिल में मुस्कुराते हुए बोले भाजपा के एक जनप्रतिनिधि
# चल तो आज भी साहब की ही रही है हर विधि




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** साहब दस साल तक सांसद रहे हैं और दस साल वो केन्द्र सरकार में मंत्री भी रहे हैं। अब वो मिजोरम के राज्यपाल हैं और जबसे उन्होंने दोबारा गाजियाबाद में आना शुरू किया है तो उनके आवास के बाहर खास रौनक दिखाई देती है।

कहने को गाजियाबाद में हर सीट पर भाजपा का जनप्रतिनिधि है मगर जब साहब आते हैं तो अफसरी सलाम इसी बंगले पर देखने को मिलते हैं। अधिकारी पहुंचते हैं और प्रणाम , अभिवादन करते हैं। साहब अब महामहिम हैं। लेकिन महिमा उनकी ऐसी है कि इतने अफसर एक साथ अन्य किसी जनप्रतिनिधि के आवास पर नहीं दिखाई देते। इतनी नमस्ते, इतने अफसरी सलाम यहीं सुनाई देते हैं।

अन्य जनप्रतिनिधियों की बात तो ये है कि अगर बैठक डाक बंगले पर हो रही है तो जरूर अधिकारी पहुंचेंगे और अभिवादन हो जायेगा। लेकिन जो जलवा राजनगर वाले बंगले पर है वो जलवा अन्य कहीं नहीं दिखाई देता।

अब चर्चा ऐसे स्थान पर शुरू हुई जहां जनप्रतिनिधि ही बैठे थे। ऐसे में किसी ने ये सवाल पूछ लिया कि क्या गाजियाबाद में जनप्रतिनिधियों के बीच कुछ खटास चल रही है क्या। अब लंच भी साथ नहीं होता और डिनर का भी चर्चा नहीं होता। केवल मंच पर बैठे हों तो दिखाने को बात होती है मगर लहजों में वो मिठास नहीं होती है। क्या राजनीतिक हालात ठीक नहीं हैं। आप सब तो जनप्रतिनिधि हो कोई छोटा जनप्रतिनिधि है कोई मिडिल जनप्रतिनिधि है तो कोई बड़ा जनप्रतिनिधि है। लेकिन सच सच ये तो बताओ कि चल किसकी रही है। अब ये चल किसकी रही वाले सवाल पर जनप्रतिनिधि ने ही मुस्कुराहट दिखाई और फिर बिना किसी भूमिका के उन्होंने स्पष्ट कहा कि चल तो आज भी साहब की ही रही है।

छोटा जनप्रतिनिधि, बड़ा जनप्रतिनिधि, मध्यम जनप्रतिनिधि के सवाल पर ये जनप्रतिनिधि मुस्कुराये और कहा कि ऊपर भगवान, नीचे साहब और बीच में कुछ नहीं होता है। उन्होंने कहा कि बाकी सबकुछ ठीक है लेकिन जहां तक चलने का सवाल है तो चल तो साहब की रही है। खास बात ये थी कि ये बात कहते समय जनप्रतिनिधि का चेहरा और लहजा दोनों गम्भीर थे। ये बात उन्होंने हास्य अंदाज में बिल्कुल नहीं कही और इतने सारे अफसरी अभिवादन का चर्चा कहीं तो चल ही रहा है।

## मेयर का बुलडोजर एक्शन: 25 साल पुराने अवैध मीट मार्केट पर चला निगम का हथौड़ा, 30 करोड़ की जमीन कब्जामुक्त

### सुनीता दयाल ने मौके पर खड़े होकर कराया ध्वस्तीकरण, वसुंधरा में 1600 वर्गमीटर भूमि से हटाया कब्जा







**- कब्जा मुक्त हुई भूमि पर विकसित होगी सुंदर मार्केट : सुनीता दयाल**

**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल ने शुक्रवार को वसुंधरा के पॉश इलाके प्रहलादगढ़ी में बड़ा एक्शन लेते हुए करीब 30 करोड़ की नगर निगम भूमि को कब्जामुक्त कराया।

यह भूमि पिछले 25 साल से अवैध मीट की दुकान, पशुपालन, गाड़ियों की पार्किंग और गंदगी का अड्डा बनी हुई थी। शिकायतकर्ता सुबोध शर्मा की शिकायत पर महापौर मौके पर पहुँचीं। उन्होंने पहले सभी पशुओं को सुरक्षित स्थान पर भिजवाया, फिर स्वयं की मौजूदगी में बुलडोजर चलवाकर अवैध ढांचा ध्वस्त कराया। तोड़फोड़ के दौरान आसपास के कई लोगों ने भी डर के कारण स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाया। महापौर ने मौके पर मौजूद सुपरवाइजर को फटकार लगाते हुए कहा कि निगरानी में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ध्वस्त कराई गई भूमि लगभग 1600 वर्गमीटर है, जो वाइट रोज होटल के सामने स्थित है। नगर निगम और आवास विकास की संयुक्त टीम की मौजूदगी में यह कार्रवाई पूरी हुई। महापौर ने कहा कि 'कब्जा मुक्त कराई गई इस भूमि पर अब एक सुंदर मार्केट विकसित की जाएगी, जो स्थानीय लोगों को रोजगार और स्वच्छ वातावरण दोनों देगी।' मौके पर नगर निगम से कर अधीक्षक बी.के. लाल, जोनल सैनेट्री ऑफिसर विनोद कुमार, अभियंता अनूप शर्मा, अवर अभियंता संजय गंगवार, सोमेंद्र तोमर, सफाई इंस्पेक्टर अशोक, तथा आवास विकास अधिशासी अभियंता व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी के आरोप लोकतंत्र की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न: बालेश्वर त्यागी



**ब्राजील की मॉडल के बयान से राहुल गांधी के आरोपों की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह : मॉडल ने कहा कि उसकी तस्वीर स्टॉक वेबसाइट से खरीदी गई थी, जिससे आरोप और संदिग्ध हुए।**

**जांच की मांग और संवैधानिक जवाबदेही : राहुल गांधी या चुनाव आयोग, किसी एक को न्यायालय में जाकर आरोपों की सत्यता साबित या खंडित करनी चाहिए।**

**तकनीकी दृष्टि से फर्जी मतदान असंभव : फोटोयुक्त मतदाता सूची और इंक सिस्टम के कारण अब बड़े पैमाने पर फर्जी वोटिंग व्यावहारिक नहीं है।**

**कानूनी आधार पर आरोप निराधार : राहुल गांधी ने किसी वैधानिक मंच पर शपथपत्र या औपचारिक आपत्ति दाखिल नहीं की, इसलिए ये केवल राजनीतिक बयानबाजी मानी जा सकती है।**

**राजनीतिक उद्देश्य स्पष्ट : इन आरोपों का लक्ष्य चुनाव आयोग की साख गिराना और हार का दोष नेतृत्व से हटाकर लोकतांत्रिक संस्थाओं पर डालना प्रतीत होता है।**

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** समाचार पत्र की खबर के अनुसार ब्राजील की मॉडल जिसके बारे में परसो राहुल गांधी ने हरियाणा की मतदाता सूची में 22 बार उसका फोटो भिन्न नामों से छपे होने का आरोप लगाया, उसका कहना है कि मैं कभी भारत गई ही नहीं। उसके अनुसार इसकी पुरानी फोटो स्टॉक इमेज प्लेटफार्म से खरीदा गया है। इस सफाई के बाद राहुल गांधी के आरोपों की गंभीरता और बढ़ जाती है। अगर राहुल गांधी ने जो आरोप लगाए हैं अगर उनमें सत्यता है तो यह लोकतंत्र के लिए गंभीर बात है और अगर राहुल गांधी वोट चोरी का झूठा आरोप लगाकर चुनाव आयोग और भारत के मतदान की विश्वसनीयता को समाप्त करने के लिए कर रहे हैं तो ये और भी गंभीर बात है। फिर तो राहुल गांधी का यह कृत्य देशद्रोह की परिधि को छूता है।



इसलिए इन आरोपों की निष्पक्ष और गहन जांच होनी चाहिए। इसके लिए राहुल गांधी जी को न्यायालय की शरण लेनी चाहिए नहीं तो चुनाव आयोग को राहुल गांधी के विरुद्ध न्यायालय जाना चाहिए। राहुल गांधी ने स्वयं से जेन जी का आह्वान किया है। स्पष्ट करता है कि वे नेपाल और बांग्लादेश जैसी सत्ता पलट करने की साजिश करना चाहते हैं। इसलिए सरकार को राहुल गांधी के विरुद्ध देश में अव्यवस्था फैलाने के उद्देश्य से झूठे और मनगढ़ंत आरोप लगाने के लिए मुकदमा दर्ज कराना चाहिए। अब इस विवाद का अंतिम रूप से निपटारा होना चाहिए। अगर आरोपों का विश्लेषण करें तो किसी विदेशी महिला का फोटो खरीदकर मतदाता सूची में छपवाना संभव है जब कोई योजनाबद्ध मतदाता सूची में गड़बड़ियों को उजागर करने के लिए उसकी फोटो का इस्तेमाल करके मतदाता सूची में लगवाता है। यह बात निर्विवाद है कि मतदाता सूची पूरी तरह त्रुटिरहित नहीं होती। उसमें बहुत सारी गलतियां सदैव होती हैं। जब मतदाता सूची में मतदाता के फोटो नहीं होते थे तब कई प्रत्याशी उनका दुरुपयोग करते थे। मतदाता सूची में फोटो होने के बाद तो फोटो से भिन्न व्यक्ति का फोटो डालना लगभग असंभव हो गया है। दूसरे, उंगली पर स्याही लगने के बाद एक व्यक्ति का एक से अधिक बार वोट डालना भी लगभग असंभव है। जब तक पूरी मतदान पार्टी ऐसे षड्यंत्र में शामिल न हो और उम्मीदवारों के पोलिंग एजेंट भी उस पर आपत्ति न करें।

मैं अपने पांच चुनावों के अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि विधान सभा चुनाव में लाख तो छोड़ो सौ फर्जी मतदाताओ को जुटाना असंभव है, जिनके पास उस मतदाता के नाम का कोई प्रमाण भी हो, जिसके नाम की वह वोट डालना चाहते हैं। यह उस समय तो संभव था जब बैलेट पेपर से मतदान होता। मतदाता को कोई प्रमाण पत्र दिखाना अनिवार्य नहीं था और तब तक मतदाता सूची में मतदाता के फोटो भी नहीं होते थे।

कानूनी दृष्टि से तो राहुल गांधी के आरोप केवल आरोप लगाने के लिए आरोप हैं, क्योंकि जब निर्वाचन आयोग उनसे इन आरोपों पर शपथ पत्र मांगता है तो वह ऐसा नहीं करते। दूसरे जब चुनाव आयोग मतदाता सूची का सघन पुनरीक्षण करता है तो वे उसका विरोध करते हैं। जब मतदाता सूचियां आपत्ति हेतु प्रकाशित होती हैं तब उन पर कोई आपत्ति नहीं होती। और राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए भी कोई आपत्ति नहीं करते। मतदान के समय प्रत्येक बूथ पर नियुक्त पोलिंग एजेंट भी मतदान के समय किसी व्यक्ति द्वारा फर्जी मतदान की शिकायत नहीं करते। चुनाव घोषित होने के बाद इन आरोपों को लेकर कोई उम्मीदवार न्यायालय में चुनाव को चुनौती नहीं देते। कुल मिलाकर जितने वैधानिक ऑप्शन उपलब्ध हैं, उनमें से किसी का भी उपयोग न करके केवल प्रेस के समक्ष आरोप लगाना उनके हिडन एजेंडे की ओर इंगित करता है।

राहुल गांधी जी को इस बात को स्पष्ट समझना चाहिए कि जब तक आम आदमी को ये अहसास नहीं हो जाएगा कि चुनाव धांधली करके जीते गए हैं तब तक कोई उनके उकसावे में आने वाला नहीं है। हर गांव और गली के मतदाता को वास्तविकता का पता होता है कि सच्चाई क्या है ? स्वयं चुनावों में हारने वाले प्रत्याशी को सच्चाई मन से पता होती है, लेकिन दिखावे के लिए कोई कुछ भी कहे। अगर राहुल गांधी कांग्रेस की बार-बार की पराजय के दोष से अपने नेतृत्व को मुक्त करने के लिए चुनाव आयोग पर आरोप लगा रहे हैं तो भी ये एक गंभीर बात है।

(लेखक : बालेश्वर त्यागी, पूर्व मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार)



# वाराणसी में पीएम मोदी का भव्य स्वागत एयरपोर्ट से बरेका तक कार्यकर्ताओं ने की पुष्पवर्षा





**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंच गए है। पीएम मोदी का एयरपोर्ट से सीएम योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्वागत किया। पीएम नरेंद्र मोदी वाराणसी एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से बरेका अतिथि गृह के लिए रवाना हुए। एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही पीएम नरेंद्र मोदी का बीजेपी विधायक और कार्यकताओं ने काफिले पर पुष्पवर्षा किया। एयरपोर्ट से बरेका करीब 27 किलोमीटर तक पीएम मोदी का जगह जगह पर भव्य स्वागत किया है। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी ने भी स्वागत करने वाले बीजेपी कार्यकताओं और काशी के लोगों का अभिवादन किया।

### पीएम मोदी आज देश को देंगे 4 नए वंदे भारत ट्रेन की सौगात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रात बरेका में विश्राम के बाद 8 नवम्बर की सुबह बनारस रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। बनारस रेलवे स्टेशन से पीएम नरेंद्र मोदी देश को 4 नए वंदे भारत ट्रेन की सौगात देंगे। इन ट्रेन में सबसे महत्वपूर्ण बनारस से खुजराहों के लिए चलने वाली वंदे भारत ट्रेन है, जिसे पीएम मोदी हरीझंडी बनारस रेलवे स्टेशन से दिखाएंगे। वाराणसी से खुजराहों वंदे भारत ट्रेन वाराणसी से चलने वाली 8 वीं वंदे भारत ट्रेन होगी। जबकि लखनऊ से सहारनपुर, फिरोजपुर से दिल्ली और एनाकुलम से बैंगलोर के लिए शुरू होने वाले वंदे भारत ट्रेनों को वर्चुअल माध्यम से हरीझंडी दिखाएंगे। पीएम मोदी बनारस रेलवे स्टेशन पर करीब 5 हजार लोगों को संबोधित करेंगे। उस मौके पर कुछ स्कूली बच्चों से भी पीएम मोदी मुलाकात कर सकते है।

# सीएम योगी का संदेश: वंदे मातरम ने स्वतंत्रता संग्राम में जगाई थी देशभक्ति की चेतना



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा कि इस गीत ने आजादी की लड़ाई के दौरान देश को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है। आजादी के आंदोलन का मंत्र बने वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर पीएम मोदी ने इस दिवस को स्मृति दिवस के रूप में आयोजित करने के लिए देशवासियों को नई प्रेरणा दी।

सीएम ने कहा कि वन्दे मातरम् भारत की आजादी का अमर मंत्र बन गया था। उस दौरान विदेशी हुकूमत के द्वारा दी जाने वाली अनेक यातनाओं, प्रताड़नाओं की परवाह किए बिना भारत का हर नागरिक (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, क्रांतिकारी) वन्दे मातरम् गीत के साथ गांव, नगर, प्रभातफेरी के माध्यम से भारत की सामूहिक चेतना के जागरण के अभियान से जुड़ चुका था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में अपनी बातें रखीं। इस दौरान राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन हुआ और स्वदेशी का संकल्प भी लिया गया।

### वन्दे मातरम ने किया संपूर्ण भारत की सामूहिक अभिव्यक्ति का प्रतिनिधित्व

सीएम योगी ने कहा कि भारत की आजादी के आंदोलन के दौरान भी जब स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने कोई स्लोगन, फ्लैग दिया तो वन्दे मातरम् उसका स्वर बना। वन्दे मातरम् संपूर्ण भारत की सामूहिक अभिव्यक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधने वाला मंत्र बना। इस गीत ने हर भारतीय के मन में यह भाव रचने का प्रयास किया कि व्यक्ति जाति-मत-मजहब से ऊपर उठकर राष्ट्र के बारे में सोच सके और राष्ट्रप्रथम के भाव के साथ राष्ट्रमाता के प्रति सामूहिक अभिव्यक्ति हो। सीएम योगी ने वंदे मातरम् को भारत की भक्ति-शक्ति के सामूहिक शाश्वत अभिव्यक्ति का सामूहिक स्वरूप बताया। सीएम ने कहा कि वन्दे मातरम् के अमरगीत के साथ उसके 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हम सभी इसके रचयिता को भी याद कर रहे हैं। संविधान सभा ने इस गीत को 24 जनवरी 1950 को भारत के राष्ट्रगीत के रूप में मान्यता दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रगीत के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को नमन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। लोकभवन में उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा। सीएम योगी ने कहा कि 1875 में रचा गया यह गीत केवल आजादी का ही गीत नहीं रहा, बल्कि देश के अंदर आजादी के मंत्र को बढ़ाने में भी सफल हुआ।

# अमन अग्रवाल बने उप्र कर अधिवक्ता संगठन के कार्यकारिणी सदस्य



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन लखनऊ के त्रिवार्षिक चुनाव हरिद्वार में आयोजित किया गया इस चुनाव में प्रदेश के सभी जिलों के अधिवक्ताओं ने भाग लिया चुनाव में नई कार्यकारिणी का चयन किया गया। चुनाव अधिकारी ने परिणाम की घोषणा करते हुए बताया कि गाजियाबाद के प्रतिष्ठित कर अधिवक्ता अमन कुमार अग्रवाल ने कार्यकारिणी सदस्य पद पर भारी मतों से जीत हासिल की है।अमन कुमार अग्रवाल ने सभी मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी यह जीत उत्तर प्रदेश के सभी अधिवक्ता समाज की जीत है संगठन के लक्ष्य और अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे।

# प्रदेश के सभी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत में 10 नवंबर से कार्य बंदी का आह्वान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ ने प्रदेश के सभी 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका परिषद और 545 नगर पंचायत में 10 नवंबर से अनिश्चितकालीन कार्यबंदी का आह्वान किया है। महासंघ के प्रदेश मंत्री जयदेव कौशिक ने कहा कि 10 सूत्रीय मांगों पर अगर 9 नवंबर तक कोई फैसला ले लिया जाता है तो कार्यबंदी के आह्वान को वापस ले लिया जाएगा। लेकिन अगर कोई फैसला नहीं लिया जाता है तो नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत में पूरी तरह कार्य बंदी रहेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी संघ की बैठक में 10 नवंबर से कार्य बंदी पर जाने का निर्णय लिया गया। इस आशय की जानकारी नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव को दे दी गई है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक बातचीत के बाद भी 10 सूत्रीय मांगों पर कोई विचार नहीं किया जा रहा है। सरकार कर्मचारी के सब्र की परीक्षा ले रही है। कई बैठकों में सरकार की ओर से मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया गया लेकिन समय बीत जाने के बाद भी कोई निर्णय नहीं लिया गया। उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि कर्मचारी की वेतन विसंगति को दूर करने समेत 10 सूत्रीय मांगों का पत्र नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव को दिया गया, जिसमें कर्मचारियों के हित को देखते हुए जल्द से जल्द निर्णय लेने की गुजारिश की गई थी। लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी उनकी मांगों पर कोई फैसला नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि नगर निगम नगर पालिका और नगर पंचायत के कर्मचारियों के कार्य बंदी होने से होने वाली परेशानियों के लिए उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ जिम्मेदार नहीं होगा बल्कि इसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# लखनऊ में सपा की सियासी गर्मी: अखिलेश यादव और आजम खां की मुलाकात ने बढ़ाई हलचल



**लखनऊ।** सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां शुक्रवार को लखनऊ पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की। यूपी की राजनीति तब गर्मा गई तब अखिलेश ने आजम खां के साथ एक फोटो एक्स अकाउंट से शेयर की। फोटा के नीचे दो लाइन का कैप्शन लिखा- 'न जाने कितनी यादें संग ले आए, जब वो आज हमारे घर पर आए...ये जो मेलमिलाप है यही हमारी साझा विरासत है।' इस मुलाकात में आजम खां के बेटे अब्दुल्ला भी मौजूद रहे। सूत्रों के मुताबिक, दोनों करीब 30 मिनट तक चर्चा हुई।

बता दें कि कुछ दिन इससे पहले अखिलेश यादव आजम खां से मिलने उनके घर गए थे। जेल से बाहर निकलने के बाद अखिलेश और आजम खां की दूसरी मुलाकात की। आजम खां ने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि दामन फैलाएंगे तो आंसुओं से भर जाएगा दामन हमारा। मेरी बातें कोई फिल्मी डायलॉग नहीं हैं।

❑ **मुलाकात में क्या हुआ ये तो नहीं बताया जा सकता :** आजम खां ने कहा, मुलाकात में क्या हुआ ये तो नहीं बताया जा सकता। बस इतना कहूंगा कि यह रिश्तों की मुलाकात थी। कोई नई मुलाकात नहीं। ये सिर्फ राजनीतिक रिश्ते नहीं हैं, बल्कि उस जमाने के हैं (अखिलेश यादव के पिता के जमाने के) जब हम सिर्फ विधायक थे और उस वक्त ये गुमान भी नहीं था कि हम कभी सरकार बना पाएंगे। आगे भी उम्मीद करते हैं कि हम सरकार बनाएंगे। बस फर्क इतना होगा कि हमें पता नहीं था कि सरकार का काम क्या-क्या होता है।

❑ **किसी को बर्बाद कर देना भी सरकार का काम ?**

आजम खां ने कहा, हम तो बस ये समझते थे कि वहां बैठे आखिरी व्यक्ति को देखें कि कहीं उसकी आंखें नम तो नहीं, अगर हैं तो उसके आंसू पोंछें। अगर वह बेसहारा है तो सरकार उसका सहारा बने, हमें नहीं पता था कि सरकार का काम किसी को बर्बाद कर देना। फना कर देना, खानदानों को नेस्तनाबूद कर देना भी है। इसका क्या अंजाम होगा? इस अंजाम से बचाने के लिए हम सब लोग मिलकर चाहते हैं कि कोशिश करें और हालात ऐसे हैं कि कोशिश बेकार नहीं जाएगी।

### अखिलेश और आजम खां एक-दूसरे के हाथ पकड़कर चले थे

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां से कुछ दिन पहले मुलाकात की थी। मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने एक शेर के माध्यम से अपनी बात कही थी। उन्होंने लिखा था कि क्या कहें भला उस मुलाकात की दास्तान, जहां बस जज्बातों ने खामोशी से बात की। मुलाकात की जारी की गई तस्वीरों में से एक में अखिलेश यादव आजम को एक पेन गिफ्ट करते हुए नजर आ रहे थे। इस मुलाकात से प्रदेश का सियासी तापमान बढ़ा हुआ था। रामपुर स्थित आजम खां के घर हुई इस मुलाकात में सपा का कोई अन्य नेता मौजूद नहीं था।

❑ **दामन फैलाएंगे तो आंसुओं से भर जाएगा :**

आजम खां ने कहा, दामन फैलाएंगे तो आंसुओं से भर जाएगा। बहुत साथ मिलेगा। ये मैं आपको किसी फिल्म का डायलॉग नहीं सुना रहा हूं। किसी अफसाने का हिस्सा नहीं सुना रहा हूं। वो सच है जो आपके सामने खड़ा है। ऐसा हिंदुस्तान किसी को नहीं चाहिए होगा। यहां आने की असल मंशा यह थी कि साबित कर सकें कि इतना जुर्म सहने के बावजूद अभी कुछ लोग धरती पर ऐसे जिंदा हैं और रहेंगे, जिनकी कुवत-ए-बर्दाश्त किसी पत्थर या पहाड़ से ज्यादा है।

❑ **मेरे अंजाम से सीख लेनी चाहिए :** आजम खां ने कहा, सभी को मुझसे सबक लेना चाहिए। तनखैया कहने पर सदस्यता जा सकती है। तीन वर्ष की सजा हो सकती है। मुर्गी चोरी कराने में मुझे 21 वर्ष की और 36 लाख का जुमार्ना हो सकता है तो फिर दूसरे लोग माहौल क्यों खराब कर रहे हैं? नफरतों के बाग सजाने की क्या जरूरत है? इससे कमजोर मुसलमानों का बड़ा नुकसान होगा। हम पर तरस खाएं। अल्लाह के वास्ते हम पर रहम खाएं। हमें बर्बाद न करें।

❑. **देश की दूसरी बड़ी आबादी के साथ इंसाफ करें :** आजम खां ने कहा, टुकड़े हो जाएं। क्यों चाहते हैं हमारे घर में आग लग जाए। तो उनसे मेरी दरख्वास्त है, अल्लाह के वास्ते मेरी दरख्वास्त है कि एक चरण बचा है अभी बिहार का, तो अपने थोड़े से किसी इंटरेस्ट के लिए देश की दूसरी बड़ी आबादी के साथ इंसाफ करें। जब राजनीतिक व्यवस्था में सुधार नहीं होगा, तब तक कुछ भी ठीक नहीं होगा।

❑**सवाल मत पूछिये उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था बेहतर है :** आजम खां ने कहा, मैं भूमाफिया होता तो लखनऊ में मेरे पास भी कोठी होती। रामपुर में जहां रहता हूं बारिस में पानी भर जाता है।

तंज करते हुए कहा कि सवाल मत पूछिये उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था बेहतर है। उन्होंने कहा कि बिहार में आज भी जंगलराज है। इसके चलते वे वहां चुनाव प्रचार करने नहीं गए। जानवरों से लड़ने और जिनके पास सक्षम हथियार हैं, वही लोग वहां गए। उनके पास कोई सुरक्षा नहीं है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर उड़ान संचालन प्रभावित
## दिल्ली जैसी तकनीकी खामी, AMSS के कारण यात्री हलकान



**मुंबई।** दिल्ली एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में आई खराबी के कारण करीब 300 उड़ानें प्रभावित हुई हैं। इसका असर मुंबई तक देखा गया है। मुंबई एयरपोर्ट की तरफ से जारी एक परामर्श में कहा गया है कि अटरर में तकनीकी गड़बड़ी के कारण यात्रियों को असुविधा हुई है। जल्द से जल्द समाधान का प्रयास किया जा रहा है।

दिल्ली हवाई अड्डे पर शुक्रवार को हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में तकनीकी खामी के कारण लगभग 300 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ। सैकड़ों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसका असर मुंबई के हवाई अड्डे पर भी देखा गया है। मुंबई में भी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है।

मुंबई एयरपोर्ट की तरफ से जारी एडवाइजरी में कहा गया, दिल्ली स्थित स्वचालित संदेश स्विचिंग सिस्टम (अटरर) में आई एक तकनीकी समस्या के कारण मुंबई हवाई अड्डे पर भी उड़ान संचालन प्रभावित हुआ है। एयर ट्रैफि क कंट्रोल (अळउ) में इस प्रणाली से मदद मिलती है। संबंधित अधिकारी इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। एयरलाइन संचालन में देरी की आशंका के बीच यात्रियों को सलाह दी जाती है कि यात्रा से पहले उड़ान की स्थिति और संशोधित शेड्यूल अपडेट के बाद ही यात्रा करें। अद्यतन सूचना के लिए यात्रियों को अपनी संबंधित एयरलाइनों से संपर्क करने की सलाह दी गई है। असुविधा के लिए खेद जताते हुए एयरपोर्ट प्रबंधन ने धैर्य और सहयोग के लिए आभार भी प्रकट किया है। विमानन कंपनियों इंडिगो, एअर इंडिया, स्पाइसजेट और अकासा एयर ने शुक्रवार को कहा कि हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में तकनीकी खामी के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर उनकी उड़ानों में देरी हो रही है। राष्ट्रीय राजधानी का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए) प्रतिदिन 1,500 से अधिक उड़ानों का संचालन करता है और देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने कहा कि दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन में देरी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम (एएमएसएस) में तकनीकी खामी आ गई है, जो हवाई यातायात नियंत्रण डेटा को सहयोग देता है। सरकारी स्वामित्व वाला एएआई हवाई यातायात नियंत्रण और नेविगेशन सेवाएं प्रदान करता है।

# सुप्रीम कोर्ट का सख्त निर्देश, स्कूलों-अस्पतालों के पास से हटाए जाएं आवारा कुत्ते, एक्सप्रेसवे-हाइवे से मवेशी



**नई दिल्ली। करंट क्राइम।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले में सुनवाई करते हुए शुक्रवार को एक और फैसला दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश कर कहा कि सभी आवारा पशुओं को सड़कों, राज्य के हाईवे और राष्ट्रीय राजमार्गों से हटाया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर राज्यों के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और नगरपालिकाओं को भी निर्देश जारी किया है। कोर्ट इस मामले में अगली सुनवाई 13 जनवरी को करेगी।

देश के कई राज्यों में सड़कों और हाईवे पर खुले घूम रहे आवारा मवेशियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। देश के सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि हाईवे और सड़कों से आवारा मवेशियों को तुरंत हटाया जाए। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि आवारा पशुओं को हटाने के लिए हाईवे निगरानी टीमें बनाई जाएं जो उन्हें पकड़ कर सड़कों से हटाएगी और शेल्टर होम्स में रखेगी।

आवारा कुत्तों से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, बस स्टैंडों, खेल परिसरों और रेलवे स्टेशनों से आवारा कुत्तों और अन्य ऐसे मवेशियों को तुरंत हटाए जाने और उन्हें आश्रय गृह भेजने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए 8 हफ्ते का समय दिया है। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में आगे आवारा कुत्तों के मुद्दे पर भी आदेश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि सभी शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, बस और रेलवे स्टेशनों से आवारा कुत्तों को हटाया जाए और उन्हें शेल्टर होम में जगह दी जाए। साथ ही उन्हें टीकाकरण के बाद भी उसी इलाके में न छोड़े जाने के निर्देश दिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों- जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई के दौरान कुत्तों के काटने के मामलों में चौंकाने वाली बढ़ोतरी की बात कही और आदेश दिया कि अधिकारी आवारा कुत्तों को पकड़ने के बाद उन्हें शेल्टर में टीके दिए जाएं. इसके अलावा सार्वजनिक जगहों पर आवारा कुत्तों के दोबारा न घुसने देने के इंतजाम भी तय हों।

# अमित शाह ने मतदाताओं को किया सतर्क, कहा- जरा सी गलती हुई तो बिहार में फिर लौट आएगा जंगलराज

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनडीए की तीन प्रत्याशियों के पक्ष में शुक्रवार की जमुई के लक्ष्मीपुर प्रखंड के बांगरडीह मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। जनसैलाब से भरे मैदान में उन्होंने महागठबंधन पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यदि मतदाता जरा-सी भी चूक कर बैठे, तो बिहार में दोबारा जंगलराज लौट आएगा। उन्होंने दावा किया कि एनडीए शासन ने बिहार को भय और हिंसा के दौर से बाहर निकाला है और अब राज्य विकास की राह पर तेजी से बढ़ रहा है। अमित शाह ने कहा कि लालू-राबड़ी शासनकाल में नरसंहार और कट्टा संस्कृति आम बात थी।



लेकिन, नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार अंधकार से निकलकर शांति की ओर बढ़ा। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार आएगी तो जंगलराज वापस आएगा, जबकि एनडीए सुशासन और विकास का पर्याय है।

जमुई में बने गोला-बारूद से आतंकवाद पर प्रहार किया जाएगा अमित शाह ने कहा कि विदेश का नहीं, जमुई में बने गोला-बारूद से आतंकवाद पर प्रहार किया जाएगा। उन्होंने वादा किया कि जीविका दीदियों को दो लाख रुपए तक की राशि उपलब्ध कराई जाएगी और किसानों को दी जाने वाली सहायता राशि छह हजार से बढ़ाकर नौ हजार की जाएगी।

# टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के खाते से 55 लाख की साइबर ठगी जाली दस्तावेजों से फिर सक्रिय किया गया खाता



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के नेता और चार बार के लोकसभा सांसद कल्याण बनर्जी के साथ एक बड़ी साइबर धोखाधड़ी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, उनके निष्क्रिय पड़े भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) खाते को फर्जी दस्तावेजों के जरिए फिर से सक्रिय किया गया और इससे 55 लाख रुपये से अधिक की रकम निकाल ली गई।

साइबर अपराधियों ने खाते पर कैसे हासिल किया नियंत्रण कोलकाता में एसबीआई की हाईकोर्ट शाखा ने इस मामले में साइबर अपराध थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई है। बैंक की शिकायत के मुताबिक, साइबर अपराधियों ने जाली पैन और आधार कार्ड तैयार किए, जिन पर कल्याण बनर्जी की तस्वीर लगाई गई थी। इन जाली दस्तावेजों की मदद से अपराधियों ने उनके पुराने खाते की केवाईसी अपडेट कर दी। इसके बाद 28 अक्तूबर को खाते में दर्ज मोबाइल नंबर भी बदल दिया गया, जिससे उन्हें खाते पर पूरा नियंत्रण मिल गया।

साइबर जालसाजों ने खाते से निकाली 56 लाख रुपये से ज्यादा की रकम शिकायत के मुताबिक, खाते की जानकारी मिलने के बाद ठगों ने कई ऑनलाइन लेनदेन किए और करीब 56 लाख 39 हजार 767 रुपये इंटरनेट बैंकिंग के जरिए निकाल लिए।

### जब विधायक थे कल्याण बनर्जी, तब खोला गया था खाता

अधिकारियों ने बताया कि फर्जी केवाईसी प्रक्रिया के दौरान अपराधियों ने कल्याण बनर्जी की तस्वीर का इस्तेमाल किया। लेकिन मोबाइल नंबर किसी और का लगाया गा था। रिपोर्ट के मुताबिक, यह खाता कई वर्षों से निष्क्रिय था। इस खाते को तब खोला गया था, जब कल्याण बनर्जी 2001 से 2006 के बीच आसनसोल (दक्षिण) से विधायक थे और विधायक के रूप में उन्हें मिलने वाला वेतन इसी खाते में आता था। उस समय से यह खाता बंद पड़ा था। लेकिन अब इसे फर्जी दस्तावेजों के जरिए दोबार चालू कर धोखाधड़ी की गई।

### साइबर अपराध कर रहा मामले की जांच

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, निकाली गई रकम को कई अलग-अलग खातों में ट्रांसफर किया गया, एटीएम से निकाला गया और यहां तक कि गहने खरीदने में भी इस्तेमाल किया गया। कोलकाता पुलिस के साइबर अपराध विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। हम बैंक की आंतरिक प्रक्रियाओं की जांच कर रहे हैं और यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि खाते तक पहुंच कैसे बनाई गई। ठगों और पैसे के अंतिम गंतव्य का पता लगाने के लिए प्रयास जारी हैं।

# रेलवे ट्रैक पर अवैध प्रवेश पर भोपाल मंडल सख्त
## तीन महीने में 646 पकड़े गए, 2.57 लाख रुपये जुमार्ना



**भोपाल।** रेलवे ट्रैक पर बढ़ती लापरवाही को रोकने के लिए भोपाल मंडल ने सख्ती बढ़ा दी है। तीन महीनों में सैकड़ों लोगों पर कार्रवाई कर रेलवे ने साफ कर दिया है कि ट्रैक पर अवैध प्रवेश अब महंगा पड़ेगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी इसी तरह कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। ट्रैक की सुरक्षा में लापरवाही अब किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

रेलवे ट्रैक पर अवैध रूप से घूमना और शॉर्टकट लेने की आदत अब लोगों के लिए महंगी साबित हो रही है। पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल ने ऐसे मामलों पर नकेल कसते हुए पिछले तीन महीनों में रिकॉर्ड कार्रवाई की है।

### ट्रैक पर अवैध प्रवेश दंडनीय अपराध

सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि भारतीय रेलवे अधिनियम की धारा 147 के तहत ट्रैक पर अवैध प्रवेश दंडनीय अपराध है। दोषी पाए जाने पर छह महीने तक की जेल, एक हजार रुपये तक का जुमार्ना, या दोनों हो सकते हैं। कटियार ने बताया कि अभियान का उद्देश्य यात्रियों को जागरूक करना और ट्रैक के आसपास होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना है। फ्छ्त्रकी टीम लगातार यार्डों, ट्रैकों और स्टेशनों के आसपास निगरानी बढ़ा रही है। उन्होने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी इसी तरह कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। ट्रैक की सुरक्षा में लापरवाही अब किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### रेल प्रशासन ने आम जनता से अपील

- ❑रेलवे ट्रैक या यार्ड को पार करने की कोशिश बिल्कुल न करें।
- ❑केवल निर्धारित पैदल क्रॉसिंग और फुटओवर ब्रिज का इस्तेमाल करें।
- ❑कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तत्काल RPF/GRP को सूचना दें।

### सुरक्षित संचालन प्रणाली को करता है बाधित

रेल अधिकारियों के अनुसार, ट्रैक पर अवैध प्रवेश न सिर्फ रेलवे की सुरक्षित संचालन प्रणाली को बाधित करता है, बल्कि यह जनता की जिंदगी के लिए भी गंभीर खतरा है। पिछले कई वर्षों में ऐसे मामलों के कारण गंभीर हादसे सामने आए हैं, इसलिए इस अभियान को विशेष रूप से तेज किया गया है।

# बलियाना में बाप-बेटे को मारी गोली, गांव की रंजिश में हमले की आशंका

**रोहतक।** रोहतक के गांव बलियाना में शनिवार सुबह उस वक्त दहशत फैल गई जब अज्ञात हमलावरों ने बाप-बेटे की गोलियों से हत्या कर दी। मृतकों की पहचान धर्मवीर उर्फ टिल्लू और उसके बेटे दीपक के रूप में हुई है। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

**सार्वजनिक सूचना/बेदखली**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवकिल विनोद शर्मा पुत्र श्री राधेश्याम व उनकी पत्नी ओमवती मूल निवासी ग्राम हथसा बिसोली बदायूं वर्तमान पता-सी-426 निकट सांची फार्म हाउस राधा कुंज-3, नन्दग्राम थाना नन्दग्राम तहसील व जिला गाजियाबाद के द्वारा अपने पुत्र हिमांशु आयु 22 वर्ष करीब 2 वर्ष से चाल चलन ठीक ना होने के कारण समस्त सम्बन्ध रिश्ते नाते समाप्त कर दिये है तथा अपनी चल व अचल सम्पत्तियो से बेदखल कर दिया है उसके द्वारा किये गये किसी कृत्य से मेरे मुवकिल व उसके परिवार का कोई सम्बन्ध नही होगा। उसके लिये स्वयं जिम्मेदार होगा। यह नोटिस प्रकाशन कर दिया है। उक्त सूचना सक्षम अधिकारियो को प्रेषित कर दी गयी है।

नोटिस देहिन्दा
श्याम वर्मा एडवोकेट
चैम्बर नं0- 38, सिविल कोट,
राजनगर, गाजियाबाद
सम्पर्क-9810526498

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

03 • नई दिल्ली। शनिवार 08 नवम्बर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट




# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने फिर शुरू किया साहिबाबाद में मॉर्निंग वॉक कार्यक्रम

## सुबह-सुबह सेहत की भी बात और जनता के साथ भी होता है बेहतर संवाद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा देश की सबसे बड़ी विधानसभा के विधायक हैं। वो सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। तमाम व्यवस्थाओं के बावजूद ये उनकी खूबी है कि वो अपनी विधानसभा में हर क्म्यूनिटि ने कनैक्टिविटि बनाकर चलते हैं। इसकी गवाही विधानसभा में पूर्वांचल समाज से लेकर उत्तरांचल समाज के कार्यक्रमों में मिलती है।

कौथिक का मेला हो या फिर छठ घाट की पूजा हो इन सभी कार्यक्रमों में विधायक सुनील शर्मा मौजूद रहते हैं। वो सरकार में मंत्री हैं लेकिन प्रदेश की कैबिनेट के साथ साथ वो अपनी विधानसभा क्षेत्र में वो मंडल की राजनीति से पूरी तरह अपडेट रहते हैं। उनकी विधानसभा में उनकी कनैक्टिविटि का ये आलम है कि वार्ड के पार्षदों से लेकर मंडल के अध्यक्षों की जबान पर उन्हीं का नाम रहता है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कुछ समय पहले सुबह-सुबह भ्रमण कार्यक्रम शुरू किया था। वो रोज सुबह सवेरे पार्कों में पहुंच रहे थे। लोगों से मुलाकात कर रहे थे। एक ऐसा कार्यक्रम जिसमें सूर्य की पहली किरण के साथ क्षेत्र का विधायक क्षेत्र की जनता के साथ संवाद कायम कर रहा है। फिर कुछ व्यवस्थायें ऐसी रहीं कि कैबिनेट मंत्री शासकीय कार्यों में व्यस्त रहे।

अब एक बार फिर सुनील शर्मा पूरी ऊर्जा के साथ साहिबाबाद के पार्कों में हैं। अपने यहां आयोजित होने वाले भंडारा कार्यक्रम के बाद अब सुनील शर्मा रोज सुबह सवेरे पार्कों में दिखाई दे रहे हैं, वो लोगों से मुलाकात कर रहे हैं। और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की ये शैली लोगों को हमेशा ही पसंद आती है। शुक्रवार से कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपना मॉर्निंग वॉक कार्यक्रम शुरू किया।

वो सुबह 7 बजे वार्ड 97 चंद्रनगर के पार्क में पहुंचे। सुबह लोगों से मुलाकात की, उनसे बात की, लोगों से उनकी समस्या के बारे में पूछा और समाधान के बारे में कहा। इसके बाद कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा सूर्यनगर क्षेत्र के वार्ड संख्या 94 में पहुंचे।

यहां भी कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा लोगों से मिले। अलग अलग मुद्दों पर बात की। सबसे बड़ी बात ये थी कि सुबह सवेरे पार्क में पहुंचे सीनियर सिटीजन अपने बीच अपने विधायक को देखकर प्रसन्न हुए। बड़ी बात ये थी कि सुनील शर्मा का क्षेत्र के लोगों के साथ अंदाज सरकार वाला नहीं था बल्कि वो लोगों के प्रतिनिधि के रूप में थे और उनका अंदाज पूरी तरह परिवार वाला था। लोग भी उसी अंदाज से मिल रहे थे। कोई अपने विधायक को सुझाव दे रहा था और किसी ने अपनी समस्या बताई।



### आज स्वर्णजयंती पार्क में पहुंचेंगे कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा

**करंट क्राइम।** साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा रोजाना सुबह सवेरे क्षेत्र की जनता के बीच हैं, वो लोगों से मिल रहे हैं। मुलाकात का एक पूरा शैड्यूल तैयार कर लिया गया है। इसी के तहत आज यानी शनिवार को साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा स्वर्णजयंती पार्क में लोगों के बीच रहेंगे। लोगों से क्षेत्र के मुद्दों पर बात करेंगे। लोंगों से उनकी समस्याओं को लेकर बात करेंगे। एक जनप्रतिनिधि का जन संवाद का ये अंदाज छाया हुआ है।





# वसुन्धरा एक्शन प्लान को लेकर पार्षद का बयान

## अचानक मिली सूचना तो आना नहीं था हमारे लिए आसान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वसुन्धरा के प्रहलादगढ़ी ईलाके में शुक्रवार को नगर निगम ने कार्यवाही की। खास बात ये थी कि मेयर सुनीता दयाल मौके पर पहुंची और यहां तीन घंटे चली कार्यवाही में वो खुद मौजूद रहीं। मेयर का ये कहना था कि क्षेत्र के पार्षद पहले तो शिकायत करते हैं और जब कार्यवाही होती है तो वो मौके पर भी नहीं होते।





पार्षद प्रतिभा शर्मा

पार्षद मौके पर क्यों नहीं पहुंचे इसको लेकर करंट क्राइम ने क्षेत्रीय पार्षद प्रतिभा शर्मा से बात की। उन्होंने बताया कि मेयर के पीए का फोन आया था और हमारे पास पूर्व में कोई सूचना नहीं थी। पार्षद ने बताया कि दरअसल पहले हमें एक पुण्यतिथि में जाना था और उसके बाद हमारे परिवार में मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन था। मैं और मेरा पूरा परिवार अपने घर के मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गये हुए थे। अगर हमें पहले से ये सूचना होती तो हम अपना कार्यक्रम उसी हिसाब से तय करते। एन मौके पर अचानक फोन से सूचना मिली तो ऐसे में हमारे लिए आना संभव नहीं था। वरना ऐसा नहीं है कि मेयर का आदेश हमें मिले और हम उसका पालन ना करें।

# डीसीपी धवल जायसवाल के नेतृत्व में सिटी पुलिस का बड़ा खुलासा

## 50 लाख के 200 मोबाइल बरामद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल के नेतृत्व में नगर जोन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की सर्विलांस, स्वॉट और थानों की टीमों ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न कंपनियों के 200 मोबाइल फोन बरामद किए। इनकी अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने बरामद मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को लौटा दिए हैं। यह कार्रवाई सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज मोबाइल चोरी, स्नैचिंग और मोबाइल खोने की शिकायतों के आधार पर की गई। नगर जोन की टीम ने सर्विलांस तकनीक और मैनुअल इनपुट्स की मदद से गहन विश्लेषण कर मोबाइल फोनों की लोकेशन ट्रेस की और सफलता पूर्वक बरामदगी की। डीसीपी धवल

शेष, पृष्ठ 8

# दैनिक करंट क्राइम में खबर छपने के बाद हो गयी कार्यकारिणी बैठक की डेट फिक्स


## 12 नवम्बर को होगी नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दैनिक करंट क्राइम ने खबर का प्रकाशन किया था कि जल्द ही निगम के पार्षद निगम की मुखिया से मिलकर बोर्ड बैठक की मांग करेंगे। करंट क्राइम ने संभावना जता दी थी इसके साथ ही निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष चुनाव की भी डिमांड होगी। इधर करंट क्राइम में खबर छपी और उधर नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव का ऐलान हो गया।

अब 12 नवम्बर को नगरनिगम कार्यकारिणी की बैठक होगी। माना ये जा रहा है कि इस बैठक के साथ ही निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष चुनाव की भी बिसात बिछ जायेगी। सूत्र बताते हैं कि निगम कार्यकारिणी चुनाव में बजट पर चर्चा होनी है। फोकस निगम उपाध्यक्ष से ज्यादा बजट पर रहेगा।

इस बात का प्रयास रहेगा कि बजट के प्रस्तावों को पास कराया जाये। वहीं इस बात की संभावना जताई जा रही है कि पहले उपाध्यक्ष का चुनाव होगा और फिर कार्यकारिणी की बैठक होगी।

करंट क्राइम
खबर का असर




### नदियापार-लाईनपार या फिर फाटक के उस पास

**करंट क्राइम।** कौन चेहरा कार्यकारिणी उपाध्यक्ष यानी प्रचलित भाषा में डिप्टी मेयर बनेगा, इस पर अंदरखाने गहन चर्चा चल रही है। अगर नदियापार की बात करें तो यहां नये चेहरों में गौरव सोलंकी का नाम है, लेकिन यहां इस नाम को नरेश भाटी से चुनौती मिल सकती है। दरअसल ये दोनों ही चेहरे कैबिनेट मंत्री के खास हैं। पुराने चेहरों में यहां पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष परवीन चौधरी का नाम है। परवीन चौधरी कार्यकारिणी में नये हैं, निगम में पुराने हैं और रेलवे फाटक के उसपास वाले कोटे से आते हैं। गौरव सोलंकी नदियापार का चेहरा हो सकते हैं और यहां पर एक संभावना देवनारायण शर्मा के नाम पर भी बन रही है। क्योंकि इन नामों में सहमति ना बनने पर देवनारायण शर्मा लाईनपार कोटे से आ जायेंगे। इन सबके बीच एक नाम दलित कोटे से विनील दत्त का भी चल रहा है। निगम सूत्र बता रहे हैं कि ये नाम सांसद कोटे का नाम माना जा रहा है। ऐसे में पुराने और नये चेहरों के बीच प्रबल संभावना नये चेहरे की है। पुराने चेहरों में राजीव शर्मा, अमित त्यागी का नाम है लेकिन इन दोनों चेहरों का कार्यकाल काफी हो चुका है और प्रबल संभावना नये नाम पर बन रही है।

### आसान नहीं होगा इस बार बोर्ड बैठक का सफर

**करंट क्राइम।** निगम सूत्र बताते हैं कि कार्यकारिणी की बैठक समय से नहीं हुई है। पहली बैठक भी देरी से हुई और ये बैठक भी देरी से हो रही है। संभावना है कि कार्यकारिणी की बैठक में बजट के प्रस्तावों को पास कराने पर जोर दिया जाये। मगर सूत्र बताते हैं कि इस बार बोर्ड बैठक की डगर इतनी आसान नहीं है। पार्षदों ने प्रस्तावों को लेकर ही मोर्चा खोलने की तैयारी कर ली है। सूत्र बताते हैं कि बोर्ड बैठक में जब बजट पर चर्चा होगी तो पार्षद फ्रंट पर रहेंगे। पार्षद वेल्फेयर एसोसिएसन बोर्ड बैठक में पूरी तैयरी के साथ आ रही है।

### नये और पुराने के कैल्कुलेशन के बीच नाम होगा सलैक्शन

**करंट क्राइम।** नगर निगम कार्यकारिणी बैठक होनी है। बैठक दूसरी बार हो रही है और निगम एक्ट के अनुसार इस बैठक का होना जरूरी है। कार्यकारिणी बैठक से ही निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का चेहरा सामने आयेगा। सूत्र बताते हैं कि यहां नये औरपुराने नामों के बीच मंथन होगा। पुराने चेहरों के सामने बचे कार्यकाल की चुनौती है और नये चेहरों के सामने अभी समय है। कार्यकारिणी में किस चेहरे को उपाध्यक्ष बनाया जाये इसे लेकर भाजपा की कोर बैठक होगी या नहीं ये स्पष्ट नहीं है मगर 12 नवम्बर को कार्यकारिणी की बैठक होगी ये तय है। 12 सदस्यों में 6 नाम नये हैं और 6 पुराने हैं। नये सदस्यों की बात करें तो इनमें भाजपा पार्षद गौरव सोलंगी, परवीन चौधरी, देवनारायण शर्मा, वीनील दत्त के अलावा परमोश यादव और कांग्रेस के अजय शर्मा हैं। कार्यकारिणी में इनसे पहले जो सदस्य हैं उनमें भाजपा पार्षद नरेश भाटी, नीरज गोयल, पूनम सिंह, अमित त्यागी, राजीव शर्मा के अलावा नरेश जाटव हैं। इन्हीं में से नाम आयेगा और यहां पर नये चेहरे और पुराने चेहरे के बीच से ही कोई चेहरा चुना जायेगा।

# गाजियाबाद क्राइम ब्रांच का ताबड़तोड़ अभियान जारी

# दो महीने में साइबर नेटवर्क, तस्कर गिरोह गिरफ्तार, 50 हजार के इनामी बदमाश का एनकाउंटर सहित कई बड़े अपराध रोके



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में गाजियाबाद क्राइम ब्रांच लगातार धारदार कार्रवाई कर रही है। बीते दो महीनों में टीम ने साइबर ठगों के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया, कोडीन सिरप तस्कर गिरोह को पकड़ा, वाहन चोरी और लूट में शामिल गैंग दबोचे, बदमाशों से कई मुठभेड़ की और 50 हजार के इनामी कुख्यात अपराधी को एनकाउंटर में ढेर किया। इन कार्रवाइयों से जिले में अपराधियों के हौसले पस्त दिखाई दे रहे हैं। तो वहीं पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर लगातार अपराधियों को गिरफ्तार करने के अभियान भी चलाए जारहे हैं।

### कफ सिरप तस्करी सिंडिकेट ध्वस्त



**करंट क्राइम।** क्राइम ब्रांच और औषधि विभाग की संयुक्त कार्रवाई में चार ट्रकों में भरी भारी मात्रा में कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद की गई। कफ सिरप को चूने की बोरियों में छिपाकर भेजा जा रहा था और इस नेटवर्क का लिंक बांग्लादेश तक जुड़ा हुआ पाया गया। आठ तस्कर गिरफ्तार किए गए, जिनके तार उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पूर्वी भारत के राज्यों से जुड़े हैं।



क्राइम ब्रांच स्वाट टीम प्रभारी **अनिल राजपूत** ने बताया कि अपराध नियंत्रण को लेकर लगातार इंटेलिजेंस-आधारित ऑपरेशन किए जा रहे हैं। तकनीकी विश्लेषण, मानव सूचना स्रोत और अंतर-जिला समन्वय के चलते गैंगों तक पहुंच बनाई जा रही है।

### साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश



**करंट क्राइम।** टीम ने ऑनलाइन गेमिंग-ऐप और एपीके लिंक के जरिए धोखाधड़ी करने वाले एक बड़े साइबर नेटवर्क को पकड़ा। यह गिरोह 15 दिनों में करोड़ों रुपये का ट्रांजैक्शन कर चुका था और 34 से अधिक लोगों को ठगी का शिकार बनाया था। साइबर तकनीक का दुरुपयोग कर पीड़ितों के बैंक खातों पर नियंत्रण लिया जा रहा था।

### इनामी बदमाश का एनकाउंटर



**करंट क्राइम।** करीब दो महीने पहले थाना क्षेत्र में हुई बड़ी कार्रवाई में क्राइम ब्रांच टीम ने 50 हजार के इनामी कुख्यात बदमाश को मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। यह बदमाश लूट, हत्या और रंगदारी मामलों में वांछित था। टीम को इसकी लोकेशन मिलते ही घेराबंदी की गई और जवाबी फायरिंग में बदमाश मार गिराया गया।

### वाहन चोरी-तस्करी गैंग पर शिकंजा

**करंट क्राइम।** वाहन चोरी गिरोह पर भी बड़ा एक्शन हुआ। लिंक रोड पुलिस के साथ संयुक्त ऑपरेशन में एक संगठित वाहन चोरी और तस्करी नेटवर्क को तोड़ा गया। कई वाहन बरामद हुए और गैंग के सदस्य गिरफ्तार किए गए। पकड़े गए आरोपियों से चोरी किए वाहन बेचने की अंतरराज्यीय चैनल की जानकारी मिली।




### बदमाशों से कई मुठभेड़

**करंट क्राइम।** बताया गया कि पिछले दो महीनों में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में क्राइम ब्रांच की टीम ने कई बार बदमाशों से मुठभेड़ की। कई अपराधी गोली लगने के बाद गिरफ्तार किए गए। इन मुठभेड़ों में हथियार, कारतूस और लूट-पैसा बरामद हुआ।

### एडीसीपी क्राइम ने दी सख्त चेतावनी



**करंट क्राइम।** एडीसीपी क्राइम **पीयूष सिंह** ने कहा कि शहर में कानून-व्यवस्था को लेकर शून्य-सहिष्णुता नीति अपनाई गई है। संगठित अपराध, साइबर नेटवर्क और नशा कारोबार करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार चलेगा। अपराधी क्षेत्र छोड़ दें या कानून का सामना करें। नागरिक सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। वहीं साइबर सेल और तकनीकी टीम को और मजबूत करना, सोशल मीडिया और फाइनेंशियल मॉनिटरिंग सिस्टम को सक्रिय रखना, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी और सार्वजनिक जागरूकता कार्यक्रम और डिजिटल सुरक्षा अभियान भी आने वाले दिनों में चलाए जाएंगे। कुल मिलाकर, गाजियाबाद में क्राइम ब्रांच की तेज कार्रवाई से अपराधियों में खौफ का माहौल है और पुलिस का कहना है कि आने वाले दिनों में यह अभियान और आक्रामक रूप से जारी रहेगा।

## संपादकीय

# बिहार में वोटिंग बढ़ी

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में मतदाताओं ने जबरदस्त जोश दिखाया। 60.13% मतदान लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है। मतदान में जनता की भागीदारी अधिक होने का मतलब यह है कि लोकतंत्र जीवंत है। इसका अर्थ यह भी है कि लोग राजनीति से उदासीन नहीं हैं। डेमोक्रेसी में ऐसा ही होना भी चाहिए।

बड़े नाम कतार में पहले चरण में 121 सीटों के लिए वोटिंग हुई है। महागठबंधन के सीएम पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव, डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा, सम्राट चौधरी समेत कई बड़े नामों की किस्मत दांव पर लगी है इस चरण में। गुरुवार की वोटिंग अभिनेता से नेता बनने का सपना देख रहे खेसारी लाल यादव और मैथिली ठाकुर जैसे उम्मीदवारों की जीत-हार तय करेगी, तो यह लड़ाई अनंत सिंह जैसे बाहुबलियों की भी है।

भविष्य का फैसला बिहार में दो दशकों से सत्तासीन नीतीश कुमार या उनकी जगह कोई और - हाल के चुनावों में यह सवाल इतनी मजबूती के साथ कभी नहीं पूछा गया था। जनता जो निर्णय लेगी, वह राज्य की सामाजिक-राजनीतिक दिशा तय करेगा। सकारात्मक बात यह है कि बिहार के लोगों ने इस बात को समझा और 2020 की तुलना में 8.3% ज्यादा वोटिंग की।

क्या है संदेश आमतौर पर ज्यादा मतदान को बदलाव का संकेत माना जाता है। हालांकि बिहार के केस में इस आंकड़े से इतना साफ निष्कर्ष निकालना संभव नहीं। यहां कई फैक्टर हैं। हां, इतना जरूर है कि पिछला विधानसभा चुनाव कोविड की छाया के बीच हुआ था, तो वोटिंग पर उसका असर पड़ा हो सकता है।

सिस्टम पर भरोसा विपक्ष की ओर से चुनाव आयोग पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। वोटिंग के एक दिन पहले ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नए आरोप लगाए। फिर रक्कका मुद्दा रहा, जिसकी फाइनल लिस्ट में इंटेंसिव रिवीजन के पहले के मुकाबले करीब 47 लाख कम वोटर हैं। इसके बावजूद जनता ने पोलिंग बूथों तक पहुंच कर संदेश दिया कि उसे चुनावी प्रक्रिया और वोट की ताकत पर पूरा भरोसा है।

अच्छी पहल पिछले विवादों को देखते हुए चुनाव आयोग ने इस बार रियल टाइम डेटा उपलब्ध कराने की तैयारी की है, बाद में वोटिंग पर्सेंटेज पर अंगुली न उठे। यह पहल इस मायने में अच्छी है कि चुनावी प्रक्रिया जितनी पारदर्शी, सरल और तेज हो, उतना ही बेहतर। कुछ जगहों से विवाद की भी खबरें आईं, लेकिन उनके बीच भी लोगों का मताधिकार का इस्तेमाल करना सुखद है।

# लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

## सेंसेक्स 95 अंक टूटा, निफ्टी 25500 के नीचे




**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार शुक्रवार को लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 94.73 अंक गिरकर 83,216.28 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 17.40 अंक गिरकर 25,492.30 अंक पर आ गया। विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के कारण शुक्रवार को बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई।30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 94.73 अंक या 0.11 प्रतिशत गिरकर 83,216.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 640.06 अंक या 0.76 प्रतिशत गिरकर 82,670.95 अंक पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 17.40 अंक या 0.07 प्रतिशत गिरकर 25,492.30 अंक पर बंद हुआ।

प्रमुख विदेशी मुद्रा विनिमय दरों के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 2 पैसे टूटकर 88.65 (अनंतिम) पर आ गया।

### ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 64.21 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.31 प्रतिशत बढ़कर 64.21 डॉलर प्रति बैरल हो गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 3,263.21 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,283.91 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। गुरुवार को सेंसेक्स 148.14 अंक या 0.18 प्रतिशत गिरकर 83,311.01 पर बंद हुआ। निफ्टी 87.95 अंक या 0.34 प्रतिशत गिरकर 25,509.70 पर बंद हुआ।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल में 4.46 प्रतिशत की गिरावट आई। सिंगटेल ने कहा कि उसने कंपनी में करीब 0.8 प्रतिशत हिस्सेदारी 10,353 करोड़ रुपये में बेच दी है। टेक महिंद्रा, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी भी पिछड़ने वालों में शामिल रहे। वहीं, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फिनसर्व लाभ में रहे।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी गिरावट

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। गुरुवार को अमेरिकी बाजार काफी गिरावट के साथ बंद हुए।

# वित्त मंत्री सीतारमण दो दिन के दौरे पर असम पहुंचीं

## टाटा सेमीकंडक्टर प्लांट का किया दौरा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को टाटा समूह के 27,000 करोड़ रुपये के सेमीकंडक्टर संयंत्र का दौरा किया। इसे असम के मोरीगांव जिले में स्थापित किया जा रहा है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को टाटा समूह के 27,000 करोड़ रुपये के सेमीकंडक्टर संयंत्र का दौरा किया। इसे असम के मोरीगांव जिले में स्थापित किया जा रहा है। वह दो दिवसीय दौरे पर सुबह गुवाहाटी पहुंचीं। अपनी असम यात्रा के दौरान वित्त मंत्री राज्य के विभिन्न स्थानों पर कई परियोजनाओं का अनावरण किया।

वित्त मंत्री ने दोपहर में मध्य असम के जगीरोड में स्थित टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (ओएसएटी) की आगामी सुविधा का दौरा किया। केंद्रीय वित्त मंत्री कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आगामी सेमीकंडक्टर सुविधा के अपने दौरे के दौरान, सीतारमण ने परियोजना की देखरेख करने वाले अधिकारियों के साथ भी बातचीत की।

अधिकारियों की ओर से बताया कि 27,000 करोड़ रुपये के निवेश से तैयार हो रहे इस संयंत्र से हर दिन 48 मिलियन सेमीकंडक्टर चिप्स का उत्पादन होने की उम्मीद है। इसमें फ्लिप चिप और इंटीग्रेटेड सिस्टम इन पैकेज (आईएसआईपी) जैसी उन्नत पैकेजिंग प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया जाएगा।

# 'भारत को रूसी तेल आयात करने से रोकना एक कूटनीतिक कदम'

## अमेरिका के वाणिज्य मंत्री ने टैरिफ का किया बचाव

**नई दिल्ली।** अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक का कहना है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ को एक कूटनीतिक साधन के रूप में इस्तेमाल किया था। उन्होंने दावा किया कि ट्रंप ने न्याय सुनिश्चित करने और यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के प्रयासों के तहत भारत से रूस से तेल खरीद बंद करने का आग्रह किया था।



अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने ट्रंप की टैरिफ नीतियों का बचाव करते हुए करते हुए भारत का हवाला दिया है। उन्होंने दावा किया है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ का एक कूटनीति हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। साथ ही भारत से रूसी तेल आयात रोकने का आग्रह किया ताकि यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने में मदद मिल सके। टैरिफ का इस्तेमाल न्याय खरीदने और वैश्विक स्थिरता लाने के लिए किया लुटनिक ने कहा कि ट्रंप ने टैरिफ का इस्तेमाल न्याय खरीदने और वैश्विक स्थिरता बहाल करने के लिए किया। यह बयान उस समय आया है जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट यह तय करने पर विचार कर रहा है कि क्या ट्रंप द्वारा 1977 के अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम (आईईईपीए) के तहत लगाई गई व्यापक टैरिफ नीतियां वैध थीं या नहीं।

### ट्रंप ने भारत पर लगाया 50 प्रतिशत टैरिफ

ट्रम्प ने भारत पर 25 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ लगाया व रूसी तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया। इससे भारत पर लगाया गया कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया। भारत ने अमेरिकी कार्रवाई को अनुचित बताया था।

### ट्रंप के दावों को भारत ने किया खारीज

ट्रम्प पिछले कुछ दिनों से यह भी दावा कर रहे हैं कि दिल्ली ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह रूस से अपने तेल आयात में उल्लेखनीय कमी लाएगी। हालांकि, भारत यह कहता रहा है कि उसकी ऊर्जा नीति उसके अपने राष्ट्रीय हितों से निर्देशित होती है, विशेष रूप से अपने उपभोक्ताओं के लिए सस्ती और सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करने से।

# डिजिटल धोखाधड़ी के मामले जुलाई से बढ़े

## रिजर्व बैंक के महानिदेशक बोले- कारणों की जांच जारी



**नई दिल्ली।** धोखाधड़ी से निपटने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे को तैनात किया जा रहा है। उन्होंने म्यूल हंटर का उदाहरण देते हुए बताया कि इसे धोखाधड़ी की गई राशि को ट्रैक करने के लिए डिजाइन किया गया है। डिजिटल धोखाधड़ी की घटनाएं इस साल जुलाई महीने से बढ़ रही हैं। रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर ने शुक्रवार को यह दावा किया। एसबीआई के एक कार्यक्रम में बोलते हुए शंकर ने कहा कि जुलाई तक धोखाधड़ी में कमी आ रही थी और रिजर्व बैंक उसके बाद इसके बढ़ने के कारणों की जांच कर रहा है।

उन्होंने कहा, यदि आप प्रति लेनदेन धोखाधड़ी पर नजर डालें तो हम पाएंगे कि पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष की शुरूआत से धोखाधड़ी की घटनाएं जुलाई तक काफी कम रहीं, उसके बाद फिर से बढ़ने लगीं। धोखाधड़ी में कितना इजाफा हुआ इस बारे में कोई आंकड़ा साझा किए बिना शंकर ने बताया कि यह वृद्धि चक्रीय या महज मौसमी हो सकती है।

### बैंकों को आरबीआई डीजी ने दी यह सलाह

आरबीआई डीजी ने सुझाव दिया कि बैंक अपने मुख्य बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण पर ध्यान दें ताकि फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र के साथ प्रतिस्पर्धा की जा सके। महानिदेशक ने यह भी साफ किया कि प्रतिस्पर्धात्मकता अब बैलेंस शीट की मजबूती पर उतनी निर्भर नहीं होगी जितनी कि डेटा क्षमता और प्रौद्योगिकी के लचीलेपन पर।

### धोखाधड़ी से निपटने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे का हो रहा इस्तेमाल

डीजी ने बताया कि धोखाधड़ी से निपटने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे को तैनात किया जा रहा है। उन्होंने म्यूल हंटर का उदाहरण देते हुए बताया कि इसे धोखाधड़ी की गई राशि को ट्रैक करने के लिए डिजाइन किया गया है। वित्त वर्ष 2025 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसा धोखाधड़ी के मामलों में कमी आई और यह 23,953 हो गए। पिछले वित्त वर्ष में यह 36,000 से अधिक थे। आंकड़ों के अनुसार धोखाधड़ी मुख्य रूप से कार्ड और इंटरनेट सहित डिजिटल भुगतान की श्रेणी में हुई। रिपोर्ट के अनुसार संख्या के हिसाब से धोखाधड़ी के लगभग 60 प्रतिशत मामले निजी क्षेत्र के बैंकों के हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का हिस्सा वित्त वर्ष 2025 के अंत तक 71 प्रतिशत से अधिक है। आरबीआई महानिदेशक ने कहा कि बैंक अपनी आईटी प्रणालियों, शाखा नेटवर्क और अनुपालन लागतों के भार के कारण संरचनात्मक रूप से कमजोर हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक इतालवी एनजीओ ने जाम्बियाई लोगों को कृषि की कमी वाले उपजाऊ घाटी में टमाटर को कैसे विकसित करना है, स्थानीय लोगों को भुगतान करने और भोजन उगाने के लिए उन्हें सिखाने का फैसला किया। जब टमाटर बड़े और परिपक्व हो गए, तो 200 हिप्पो नदी से निकल आए और सबकुछ खा लिया। जाम्बियन ने समझाया, श्यही कारण है कि हमारे यहां कोई कृषि नहीं हैश्।
- टमाटर लाइकोपीन में समृद्ध होते हैं, एक एंटीऑक्सिडेंट जो हृदय के लिए अच्छा होता है और कुछ कैंसर के खिलाफ प्रभावी होता है। कच्चे टमाटरों की तुलना में पके हुए टमाटर वास्तव में आपके लिए बेहतर होते हैं, क्योंकि अधिक फायदेमंद रसायनों को छोड़ दिया जाता है। टमाटर में विटामिन ए और सी, कैल्शियम, पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता हैं।
- न्यूट्रीकल्चर लिमिटेड, मावेस्ले, लंकाशायर, ब्रिटेन द्वारा उगाए गए पौधे जिसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड 11 मई 2000 के अनुसार सबसे लंबा टमाटर पौधा जो 19.8 मीटर (65 फीट) की ऊंचाई पर पहुंच गया था।
- साल 2012 में मिस्र की यात्रा के दौरान, हिलेरी क्लिंटन का टमाटर और जूते के साथ स्वागत हुआ, जबकि प्रदर्शनकारियों ने 'मोनिका, मोनिका' का नाम चिल्ला रहे थे।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर सहमति जल्द

## विनिर्माण बढ़ाने के लिए नवंबर के अंत तक शुरू होगा मिशन




**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर नवंबर के अंत तक कोई सकारात्मक प्रगति देखने को मिल सकती है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच हाल के महीनों में बातचीत में कुछ अड़चनें आई थीं, लेकिन अब वार्ता को नए सिरे से आगे बढ़ाया जा रहा है।

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने शुक्रवार को भरोसा जताया कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर नवंबर के अंत तक कोई सकारात्मक घोषणा हो सकती है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच पिछले कुछ समय से बातचीत में चुनौतियां रही हैं, लेकिन अब दोनों देशों के बीच नए सिरे से कोशिशें जारी हैं।

सुब्रह्मण्यम ने कहा कि मुझे लगता है कि अमेरिका के साथ चीजें थोड़ी मुश्किल रहीं, लेकिन अब बातचीत आगे बढ़ रही है। उम्मीद है कि इस महीने के अंत तक इस दिशा में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी कि राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन नवंबर के अंत तक शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत लगातार विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है और वैश्विक कंपनियों की भारत में रुचि लगातार बढ़ रही है।

## राशिफल

**मेष:** कानूनी अड़चन दूर होगी। आय के साधनों में वृद्धि होगी। दांपत्य जीवन सुखी रहेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृष:** स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। कारोबार में वृद्धि होगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन:** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। किसी मनोरंजक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे।

**कर्क:** कोई शोक समाचार प्राप्त हो सकता है। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। भावना में बहकर कोई निर्णय न लें।

**सिंह:** मित्रों तथा रिश्तेदारों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। भरपूर प्रयास करें।

**कन्या:** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। नए मित्र बन सकते हैं।

**तुला:** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। जोखिम न लें। विवाद में न पड़ें।

**वृश्चिक:** किसी भी प्रकार की बहस में हिस्सा न लें। बात बिगड़ सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। फालतू खर्च होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**धनु:** रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। यात्रा लाभदायक रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

**मकर:** नया कार्य करने की योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए काम मिलेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**कुंभ:** पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। बुद्धि का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी।

**मीन:** चोट व दुर्घटना से शारीरिक हानि की आशंका है। विशेषकर स्त्रियां सावधान रहें। किसी भी तरह की बहस में किसी से भी हिस्सा न लें। विवेक का प्रयोग करें।

## चुटकुले

दोस्त: भाई, तू इतना हँसता क्यों है?
गोलू: क्योंकि बीवी का मूड अच्छा है!
दोस्त: फिर तो डर लग रहा होगा!
गोलू: हाँ, इसलिए धीरे-धीरे हँस रहा हूँ!

एक झूठ जो हर इंसान अक्सर बोलता है...
'बात पैसों की नहीं है।'

टीचर: बेटा, बताओ "Silence" का मतलब क्या होता है?
पप्पू: जब बीवी नाराज हो और पति चुप रहे!
टीचर: बहुत बढ़िया उदाहरण!
पप्पू: थोड़ा खतरनाक भी है सर!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# ऑस्ट्रेलिया पर 2-1 की बढ़त के बाद सूर्यकुमार यादव ने बताई जीत की कुंजी



**कैरारा।** सूर्यकुमार ने कहा, 'दो तीन ओवर डालने वाले गेंदबाज टीम में होना हमेशा अच्छा रहता है। यह संयोजन हमे रास आता है।' ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने कहा, '167 का स्कोर बुरा नहीं था। हम फिनिश लाइन तक नहीं जा सके। भारतीय टीम को इसका पूरा श्रेय जाता है जो विश्व स्तरीय टीम है।'

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने आस्ट्रेलिया पर चौथे टी20 मैच में 48 रन से मिली जीत के लिये बल्ले और गेंद से अपने खिलाड़ियों के चतुराई भरे खेल को श्रेय दिया। भारत ने 167 रन बनाने के बावजूद जीत दर्ज करके पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है।

**यह टी20 मैच है और कोई भी बल्लेबाज आकर आक्रामक पारी खेल सकता है लेकिन इस मैदान पर बाउंड्री बड़ी है और हमने उसी हिसाब से रणनीति बनाई थी**

सूर्यकुमार ने जीत के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि बल्लेबाजों को इसका श्रेय जाना चाहिए। शुभमन और अभिषेक ने जिस तरह से शुरूआत की, उन्हें पता था कि यह 200 या 220 रन वाला विकेट नहीं है। उन्होंने चतुराई से खेला। बल्लेबाजों की तरफ से यह पूरा टीम प्रयास था।'

उन्होंने आगे कहा, 'मैं और गौती भाई (कोच गौतम गंभीर) इस बारे में स्पष्ट हैं कि गेंदबाजों को आक्रामक प्रदर्शन करना होगा। मैदान पर ओस अधिक नहीं थी लेकिन गेंदबाजों ने खुद को जल्दी ढाल लिया।' हरफनमौला शिवम दुबे ने दो और वॉशिंगटन सुंदर ने तीन विकेट लिए।

सूर्यकुमार ने कहा, 'दो तीन ओवर डालने वाले गेंदबाज टीम में होना हमेशा अच्छा रहता है। यह संयोजन हमे रास आता है।' ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने कहा, '167 का स्कोर बुरा नहीं था। हम फिनिश लाइन तक नहीं जा सके। भारतीय टीम को इसका पूरा श्रेय जाता है जो विश्व स्तरीय टीम है।'

एशेज सीरीज को देखते हुए आस्ट्रेलिया ने टीम में काफी बदलाव किए थे। प्रमुख खिलाड़ी टी20 सीरीज के आखिरी दो मैच छोड़कर इंग्लैंड के खिलाफ एशेज की तैयारी में लग गए। मार्श ने कहा, 'आप हमेशा सर्वश्रेष्ठ टीम उतारना चाहते हैं लेकिन एशेज सीरीज आने वाली है। हम अधिक खिलाड़ियों को मौका देना चाहते थे, खासकर इस तरह के दबाव वाले मैच में।'

ऑलराउंडर शिवम दुबे ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां चौथे टी20 मैच में मैदान का आकार बड़ा होने से भारत का स्कोर पर्याप्त था और गेंदबाजों ने रणनीति पर बखूबी अमल करके मेजबान को हराया। दुबे ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'इस मैदान पर 167 का स्कोर अच्छा था क्योंकि हमारे पास बेहतरीन गेंदबाज हैं। मुझे उन पर भरोसा है और पूरी टीम को उन पर भरोसा है।'

उन्होंने कहा, 'यह टी20 मैच है और कोई भी बल्लेबाज आकर आक्रामक पारी खेल सकता है लेकिन इस मैदान पर बाउंड्री बड़ी है और हमने उसी हिसाब से रणनीति बनाई थी। हमें विश्वास था कि हम उन्हें रोक लेंगे।' दुबे ने आगे कहा, 'हमारी रणनीति बड़ी बाउंड्री वाली तरफ गेंद डालने की थी क्योंकि बड़े शॉट लगाना आसान नहीं है। हमने चतुराई से गेंदबाजी की और बल्लेबाज को क्रीज पर जमने के बाद बड़ी बाउंड्री वाली तरफ शॉट खेलने के लिये मजबूर किया।'

उन्होंने कहा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर, गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बतौर गेंदबाज उनकी काफी हौसलाअफजाई की जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा। उन्होंने कहा, मुझे जब मौका मिला तो मुझे पता था कि गेंदबाजी करनी होगी। मोर्नी, गौती भाई और सूर्या ने मेरे लिये अच्छी रणनीति बनाई थी। मोर्नी ने छोटे छोटे टिप्स दिये जिससे बेहतर गेंदबाजी में मदद मिली।'

## जयसूर्या और मुरलीधरन संग फोटो में उन्हें पहचान नहीं पाए फैंस, वजन घटाकर सबको चौंकाया



**कोलंबो।** समारोह की एक फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुई, जिसमें अर्जुन रणतुंगा लाल कुर्ते में नजर आए, लेकिन उनका बदला हुआ रूप देखकर फैंस हैरान रह गए।

श्रीलंका क्रिकेट के स्वर्णिम युग के चार दिग्गज, सनथ जयसूर्या, अरविंद डी सिल्वा, अर्जुन रणतुंगा और मुथैया मुरलीधरन, हाल ही में तमिल यूनियन के 125वें स्थापना समारोह में एक साथ नजर आए। यह वही चौकड़ी है जिसने 1996 में श्रीलंका को विश्व कप जीत दिलाई थी। सभी दिग्गज जब मंच पर साथ दिखे तो क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह एक भावनात्मक पल था। हालांकि, इस समारोह में एक चौंकाने वाली घटना घटी।

समारोह की एक फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुई, जिसमें अर्जुन रणतुंगा लाल कुर्ते में नजर आए, लेकिन उनका बदला हुआ रूप देखकर फैंस हैरान रह गए। कभी भारी शरीर वाले रणतुंगा अब बेहद स्लिम और फिट दिख रहे हैं, जिससे कई लोग उन्हें पहचान ही नहीं पाए। एक यूजर ने तो लिखा- क्या लाल कुर्ते वाला वाकई रणतुंगा हैं?

**फिटनेस को लेकर सुर्खियों में रणतुंगा**

रणतुंगा अपने 18 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान हमेशा थोड़ा भारी शरीर वाले खिलाड़ी माने जाते थे, लेकिन यह कभी उनके प्रदर्शन के आड़े नहीं आया। उन्होंने टेस्ट और वनडे मिलाकर करीब 12,500 रन बनाए। हालांकि, कभी-कभी वह फिटनेस को लेकर विवादों में भी रहे, जैसे मैचों के दौरान रनर की मांग करना, जिसने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान इयान हीली तक को नाराज कर दिया था।

**अब फिटनेस ट्रांसफॉर्मेशन से चौंकाया**

अब 61 वर्षीय रणतुंगा ने बीते कुछ वर्षों में अपने रूप में जबरदस्त बदलाव किया है। 2023 के एशिया कप के दौरान भी उनका नया लुक चर्चा में रहा था, जब उन्होंने एसीसी और बीसीसीआई पर तीखी टिप्पणी की थी। हालांकि, उन्होंने वजन घटाने का कारण कभी सार्वजनिक नहीं किया, लेकिन फैंस का मानना है कि यह किसी स्वास्थ्य समस्या से ज्यादा एक प्रभावशाली फिटनेस जर्नी है।

## पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने नया कीर्तिमान स्थापित किया

### भारत की एशिया कप सक्षम टीम में जगह बनाई

नई दिल्ली। जन्म से ही भुजाहीन पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने गुरुवार को एक और उपलब्धि हासिल करते हुए जेद्दा में होने वाले आगामी एशिया कप चरण तीन के लिए भारत की सक्षम जूनियर टीम में जगह बनाई। विश्व कंपाउंड चैंपियन शीतल के लिए एक सक्षम अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम में शामिल होना एक और ऐतिहासिक उपलब्धि है।

**'मेरा एक छोटा सा सपना था...'**

शीतल ने टीम की घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर लिखा, 'जब मैंने प्रतिस्पर्धा शुरू की थी तो मेरा एक छोटा सा सपना एक दिन सक्षम तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा करना था। शुरूआत में मैं इसमें सफल नहीं हो पाई, लेकिन मैं हर असफलता से सीखते हुए आगे बढ़ती रही। आज वह सपना एक कदम और करीब आ गया है।' पेरिस पैरालंपिक 2024 में मिश्रित टीम कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली शीतल ने तुर्की की पेरिस पैरालंपिक चैंपियन ओजनूर क्यूर गिर्डी से प्रेरणा ली जो विश्व स्तर पर सक्षम तीरंदाजों की स्पधाओं में भी भाग लेती हैं।



## 'तू चुप रह, बल्ला बोलेगा': कंगारुओं से बहस पर शास्त्री ने सचिन को दी थी खास नसीहत



नई दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान और कोच रवि शास्त्री ने हाल ही में एक मजेदार पुरानी घटना साझा की, जिसमें उनके साथ सचिन तेंदुलकर भी शामिल थे। यह किस्सा 1992 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए टेस्ट मैच का है। उस वक्त सचिन अपने करियर के शुरूआती दौर में थे और मैदान पर ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की स्लेजिंग का सामना कर रहे थे।

**वॉ ब्रदर्स ने की थी स्लेजिंग**

शास्त्री ने बताया कि जैसे ही उन्होंने शतक पूरा किया और सचिन क्रीज पर आए, स्टीव वॉ और मार्क वॉ लगातार सचिन को उकसाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने बताया, 'सचिन से कहा जा रहा था- यू लिटिल दिस, यू लिटिल दैट। उसी वक्त माइक व्हिटनी, जो बारहवां खिलाड़ी था, मैदान पर आया और मुझसे बोल- अगर तू क्रीज से बाहर निकला तो सिर फोड़ दूंगा।'

**शास्त्री ने बताया कि जैसे ही उन्होंने शतक पूरा किया और सचिन क्रीज पर आए, स्टीव वॉ और मार्क वॉ लगातार सचिन को उकसाने की कोशिश कर रहे थे।**

**शास्त्री का जवाब बना यादगार**

शास्त्री ने बताया कि उस समय मैदान पर माइक लगे थे और खिलाड़ियों पर जुमार्ना लग सकता था, इसलिए उन्होंने बीच पिच से ही जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'मैंने माइक व्हिटनी से चिल्लाकर कहा- अगर तू गेंद फेंकने जितना अच्छा थ्रो कर पाता, तो आज ऑस्ट्रेलिया का 12वां खिलाड़ी नहीं होता। बस, उसके बाद मैदान पर सन्नाटा छा गया।'

**'सचिन बोले- मैं भी दूंगा जवाब'**


घटना के बाद सचिन ने शास्त्री से कहा, 'रुको, जब मैं सौ बनाऊंगा, तो मैं भी जवाब दूंगा।' तब शास्त्री ने मुस्कुराते हुए सचिन से कहा, 'तू चुप रह, तेरे पास क्लास है। तेरा बल्ला बोलेगा, बात करने का काम मुझे करने दे।'

मैच खत्म होने पर वही ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी भारतीय ड्रेसिंग रूम में आए और दोनों टीमों ने सम्मानपूर्वक मैच का अंत किया।

**शास्त्री और सचिन, दो पीढ़ियों का मेल**

रवि शास्त्री ने भारत के लिए 1981 से 1992 तक क्रिकेट खेला और एक ऑलराउंडर के रूप में खुद को स्थापित किया। इसी दौर में सचिन तेंदुलकर ने 1989 में डेब्यू किया और आने वाले वर्षों में विश्व क्रिकेट का सबसे बड़ा नाम बन गए।

## भारतीय हॉकी के 100 साल की गौरवगाथा




**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी का यह 100वां वर्ष केवल उत्सव नहीं, यह याद दिलाने का अवसर है कि यह खेल हमारे गर्व, हमारी पहचान और हमारे इतिहास का हिस्सा है और आने वाले वर्षों में, शायद कोई नया ध्यानचंद फिर से जन्म ले, जो दुनिया को बताए- यह है भारतीय हॉकी।

भारत की मिट्टी ने खेलों को हमेशा एक अलग गरिमा दी है, लेकिन जिस खेल ने देश को अंतरराष्ट्रीय पहचान दी, वह है हॉकी। आज भारतीय हॉकी अपने 100 गौरवशाली वर्ष मना रही है, लेकिन इसकी जड़ें सैकड़ों साल पुरानी हैं। 16वीं सदी में स्कॉटलैंड में खेले जाने वाले हॉकी जैसे खेल से इसकी नींव रखी गई थी। ब्रिटिश साम्राज्य ने 18वीं सदी के अंत में आधुनिक हॉकी का रूप दिया और जब वह भारत पहुंचे, तो अपने साथ यह खेल भी लेकर आए। 1850 के दशक में ब्रिटिश सेना ने भारतीय सैनिकों को हॉकी से परिचित कराया। बड़े मैदानों की उपलब्धता और खेल की सरलता ने इसे देशभर में लोकप्रिय बना दिया। 1855 में कोलकाता (तब के कलकत्ता) में भारत का पहला हॉकी क्लब बना और वहीं से शुरू हुई वह यात्रा, जिसने एक दिन भारत को दुनिया का चैंपियन बना दिया।

## हॉन्गकॉन्ग सुपर सिक्सेस में भी भारत से हारा पाकिस्तान

**मॉन्ग कॉक।** डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर पाकिस्तान तब भारत के स्कोर से दो रन पीछे था और इस तरह टीम इंडिया ने दो रन से जीत हासिल की। भारत का अगला मैच अब आठ नवंबर को कुवैत से है।

हॉन्गकॉन्ग सुपर सिक्सेस टूनार्मेंट का आगाज हो चुका है। भारत ने ग्रुप स्टेज में पूल-सी के अपने पहले मैच में पाकिस्तान को डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर दो रन से हरा दिया। पाकिस्तान के कप्तान अब्बास अफरीदी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने छह ओवर में चार विकेट गंवाकर 86 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम तीन ओवर में एक विकेट गंवाकर 41 रन बना सकी थी।

तभी बारिश ने खलल डाला और मैच को रोक दिया गया। इसके बाद मैच नहीं हो सका। डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर पाकिस्तान तब भारत के स्कोर से दो रन पीछे था और इस तरह टीम इंडिया ने दो रन से जीत हासिल की। भारत का अगला मैच अब कुवैत से है। भारत पूल-सी में फिलहाल पाकिस्तान के बाद दूसरे स्थान पर है। हालांकि, कुवैत को हराने के बाद टीम इंडिया शीर्ष पर पहुंच जाएगी। एक ग्रुप में तीन टीमें हैं।

**भारत की पारी**

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के लिए रॉबिन उथप्पा और भरत चिप्ली ने 15 गेंद में 42 रन की साझेदारी निभाई। उथप्पा 11 गेंद में दो चौके और तीन छक्कों की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद चिप्ली भी 13 गेंद में दो चौके और दो छक्कों की मदद से 24 रन बनाकर आउट हुए। बिन्नी दो गेंद में चार रन ही बना सके। वहीं, कप्तान दिनेश कार्तिक छह गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 17 रन बनाकर नाबाद रहे।

अभिमन्यू मिथुन पांच गेंद में छह रन बना सके। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद शहजाद ने दो विकेट लिए, जबकि अब्दुल समद को एक विकेट मिला।

**पाकिस्तान की पारी**

जवाब में पाकिस्तान की टीम के लिए ख्वाजा नफे और माज सदाकत ने तेज शुरूआत की। दोनों ने आठ गेंद में 24 रन जोड़ लिए। सदाकत को बिन्नी ने कार्तिक के हाथों कैच कराया। वह तीन गेंद में सात रन बना सके। ख्वाजा नौ गेंद में एक चौका और दो छक्के की मदद से 18 रन और समद छह गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 16 रन बनाकर नाबाद रहे।

**पूल उ अंक तालिका**

| टीम | मैच | जीते | हारे | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पाकिस्तान | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | +0.917 |
| भारत | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | +0.667 |
| कुवैत | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.167 |



### टूर्नामेंट का प्रारूप

टीमें और खिलाड़ी : प्रत्येक मैच दो टीमों के बीच खेला जा रहा है। हर एक टीम में 6 खिलाड़ी हैं।

ओवर : प्रत्येक पारी अधिकतम 6 ओवर (36 गेंदें) की होती है।

गेंदबाजी : विकेटकीपर को छोड़कर क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को एक ओवर फेंकना अनिवार्य है।

ग्रुप और नॉकआउट चरण :

टीमें पहले ग्रुप चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगी। कुल मिलाकर 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं। तीन टीमों का एक ग्रुप है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।

इस टूनार्मेंट में हिस्सा लेने वाली टीमें हैं– भारत, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, नेपाल, अफगानिस्तान, कुवैत, यूएई, इंग्लैंड, बांग्लादेश और हॉन्गकॉन्ग।

क्वार्टर फाइनल के बाद, प्रतियोगिता नॉकआउट चरण में प्रवेश करेगी, जिसमें मुख्य फाइनल, प्लेट फाइनल और बाउल फाइनल जैसे विभिन्न स्तर हैं, ताकि सभी टीमों के बीच मुकाबले जारी रहे।

## शमी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस, पत्नी हसीन का गुजारा भत्ता बढ़ाने की याचिका पर मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी और पश्चिम बंगाल सरकार से सुप्रीम कोर्ट ने जवाब मांगा है। यह नोटिस शमी की अलग रह रही पत्नी हसीन जहां की उस याचिका पर जारी किया गया है, जिसमें उन्होंने गुजारा भत्ता बढ़ाने की मांग की है। हसीन जहां ने कोर्ट से कहा है कि वर्तमान राशि उनके और बेटी के खर्चों के लिए अपर्याप्त है।

सुनवाई के दौरान पीठ ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि अंतरिम राहत के तौर पर कलकत्ता हाई कोर्ट द्वारा तय की गई राशि काफी उचित लगती है। अदालत ने कहा कि अंतिम निर्णय से पहले दोनों पक्षों का पक्ष सुनना आवश्यक है।

इससे पहले कलकत्ता हाई कोर्ट ने आदेश दिया था कि मोहम्मद शमी अपनी पत्नी और बेटी को हर महीने कुल चार लाख रुपये बतौर गुजारा भत्ता दें।

हाई कोर्ट ने हसीन जहां को हर महीने 1.50 लाख रुपये और बेटी को 2.50 लाख रुपये का गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया था। इस आदेश के खिलाफ अब हसीन जहां ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और बढ़ी हुई राशि की मांग की है।

## अक्षर पटेल बोले- पिछली गलतियों से सीखा, बाउंड्री के आकार को शॉट चयन पर हावी नहीं होने दिया



**कैरारा।** अक्षर ने 11 गेंदों में एक चौका और एक छक्का की मदद से नाबाद 21 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान आखिरी ओवर में मार्कस स्टोइनिस के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौका और छक्का लगाकर टीम के स्कोर को 167 रन तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने हरफनमौला खेल से प्रभावित करने वाले भारतीय खिलाड़ी अक्षर पटेल ने कहा कि उन्होंने अपनी पिछली गलतियों से सीख लेते हुए बाउंड्री के आकार को अपने शॉट चयन पर हावी नहीं होने दिया।

अक्षर ने 11 गेंदों में एक चौका और एक छक्का की मदद से नाबाद 21 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान आखिरी ओवर में मार्कस स्टोइनिस के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौका और छक्का लगाकर टीम के स्कोर को 167 रन तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। अक्षर ने गेंद से भी कमाल करते हुए दो विकेट चटकाए। भारत ने इस मैच को 48 रन से जीतकर सीरीज में 2-1 की अजेय बढ़त बना ली। 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए अक्षर ने बीसीसीआई टीवी से कहा, 'जाहिर है, मुझे पता था कि यह मुश्किल होगा क्योंकि लगातार विकेट गिर रहे थे। ड्रेसिंग रूम से मुझे यही संदेश मिला कि मुझे आखिरी ओवर क्रीज पर डटे रहना है क्योंकि मेरे बाद कोई बल्लेबाज नहीं था।'

**अक्षर ने गेंद से भी कमाल करते हुए दो विकेट चटकाए। भारत ने इस मैच को 48 रन से जीतकर सीरीज में 2-1 की अजेय बढ़त बना ली**

इस 31 साल के हरफनमौला ने कहा, 'मैंने सोचा कि आखिरी ओवर में जोखिम उठाउंगा। साइड की बाउंड्री की दूरी अधिक थी लेकिन मैंने सोचा कि अगर मैं अपनी लय बनाए रखूं और गेंद पर नजर रखूं तो मैं गेंद को बाउंड्री के पार भेज सकता हूं।'

उन्होंने कहा, 'मैंने पहले भी महसूस किया है कि अगर मैं बाउंड्री के आकार के बारे में सोचता था तो उस तरफ शॉट नहीं खेलता था। ऐसे में यह पहले से तय शॉट बन जाता था और मैं गलतियां कर बैठता था।

मैंने पिछली गलतियों से सबक लेकर यहां अपने शॉट में सुधार किए।' सीरीज का पांचवां और आखिरी टी20 मैच शनिवार को ब्रिसबेन में खेला जाएगा।



# पुलिस कमिश्नरेट में 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गायन कार्यक्रम





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी थानों एवं कार्यालयों में शुक्रवार को सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे और देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' का गायन किया। पूरे माहौल में राष्ट्रभक्ति और एकता की भावना झलकती रही।

कार्यक्रम का आयोजन पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देशन में किया गया, जिसमें कमिश्नरेट के तीनों जोन–सिटी, ट्रांस हिण्डन और ग्रामीण जोन के थानों तथा शाखाओं में एक साथ यह कार्यक्रम हुआ। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल, डीसीपी ट्रांस हिण्डन निमिष दशरथ पाटिल और डीसीपी ग्रामीण सुरेन्नाथ तिवारी के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' गाकर देश के प्रति अपनी निष्ठा और सम्मान व्यक्त किया। यह आयोजन पुलिस बल में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और एकता के भाव को सुदृढ़ करने का एक प्रेरणादायक उदाहरण बना।

# डीसीपी निमिष पाटिल ने साप्ताहिक परेड की सलामी ली






**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** शुक्रवार को पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन जोन/लाइन्स निमिष पाटिल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गई। डीसीपी निमिष ने परेड का निरीक्षण करते हुए पुलिस कर्मियों की ड्रेस, अनुशासन, व उपकरणों की जांच की। इस अवसर पर उन्होंने सभी अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस मौके पर पुलिस बल को सदा तत्पर, अनुशासित एवं जनता के प्रति संवेदनशील रहने के निर्देश दिए।




## सुनो ब्रदर मेरे प्रोग्रामों का सेंटर रखना विधानसभा ऑफ सदर

वैसे तो उनकी बातों को कोई भी अदरवाईज नहीं लेता है। वो बातें ही ऐसे करते हैं कि बाद में उनके बारे में बातें होती हैं। फूल वाले बताते हैं कि उन्होंने कसम खाई थी कि मैं केसरिया राजनीति की फिल्म में डायरेक्टर वाला रोल लूंगा और हीरो नहीं बनूंगा। सुना है कि अब उनके मन में ये विचार आया है कि डायरेक्टर तो हीरो भी हो सकता है। उनका फोकस फिर से इलैक्शन पर आ गया है। सुना है कि उन्होंने देवतुल्यों को ये डायरेक्शन दिया है कि इलैक्शन के मद्दे नजर मेरे सभी कार्यक्रम सदर वाली विधानसभा में लगाये जायें। मंडल वालों को बता दिया गया है कि प्रोग्राम की लोकेशन क्या रहनी है। अब देवतुल्य ही आपस में पूछ रहे हैं कि पहले इनके माइंड की रीडिंग करा लो। अपनी बिरादरी के आंकडे ये उस विधानसभा में गिनाते हैं और प्रोग्राम इस विधानसभा में लगवाते हैं। कुछ तो गड़बड़ है इस कहानी में।

## भले ही तुम्हारे यहां मेले हैं मगर ये सब ऑफर ऑल उन्हीं के चेले हैं

फूल वालों के यहां पर भी सितम पर सितम हो रहा है। बाजा है बारात नहीं है और दूल्हा दुल्हन साथ नहीं है। कप्तान वाली कैप मिल गई और गैप ऐसा कि खिलाड़ी सारे पुरानी टीम के हैं। ऊपर से कह दिया गया कि तुम्हें कप्तानी करनी है या सलैक्शन टीम में रहना है। तुम अपनी रणनीति बनाओ खिलाड़ी मत बदलो। सीन अब ये हो रहा है कि कप्तान साहब के यहां मेले हैं। मगर वो फिर भी अकेले हैं। क्योंकि ये सब जानते हैं कि ये सारे के सारे उन्हीं के चेले हैं। जिनके यहां आजकल दरबार लगता है और मेले हैं।

## कथा सुनाने वालों का जमाना है और देवतुल्य तुम व्यथा सुनाने बैठ जाते हो

2017 में भगवा अंधड़ आया और गद्दी पर उन्हें बिठाया गया जो विधानसभा का चुनावी फेस ही नहीं थे। उम्मीद तो ये थी कि साधू का स्वभाव ऐसा रहेगा कि ना काहू से दोस्ती ना काहू से बैर। मगर साधू तो अफसरों से हाथ मिलाकर विधायकों को ही आंख दिखाने लगा। बहरहाल हाल ये हो गया कि जनता ने तो अपना दिल निकाल कर ईवीएम में रख दिया और देवतुल्यों को कभी बाबू दुत्कार दे तो कभी अफसर लताड़ दे। उन बेचारों की हालत ये हो गई कि जो भी बड़ा मंत्री आये, उसी के आगे गुहार लगाये। इन सबके बीच हुकूमत फिर से रिपीट हो गई और हुकूमत को जनमत भी मिला। अब अंतर इतना है कि सुन तो अब भी कोई नहीं रहा। बस अब देवतुल्य बता नहीं रहे। वफादार देवतुल्य को नए भाजपाई ने ही बात समझाई। उसने कहा कि जब सरकार साधू की है तो तुम कथा सुनाओगे या अपनी व्यथा बताओगे। उन्होंने कहा कि श्रृंगार रस का कवि इश्क की कविताएं सुनाते सुनाते कथावाचक बन गया। उसने अपना चोला बदला और इश्क को साईड में रख कर राम जी पकड़ लिये। अब देखो कमाल ये हुआ है कि शादी में सरकार उसके दरवाजे पर आकर खड़ी हो गई। उसने कोई व्यथा सुनाई मगर तुम हो कि कोई तुम्हारे दर पर आ जाये, उसे सर-सर करते हुए व्यथा सुनाने बैठ जाओगे। अबे व्यथा सुनाने का जमाना नहीं है। अब तुम कथा सुनाओ और जितनी अच्छी कथा सुना लोगे। उतनी ही सरकार तुम्हारी सुन लेगी और जितनी सरकार सुन लेगी, उसका कुछ हिस्सा ये अफसर सुन लेंगे। वरना व्यथा तो तुम सात सालों से सुना ही रहे हो और आगे भी सुनाते ही रहोगे। अभी भी समय है कथा सुनाना सीख लो।

# महापौर सुनीता दयाल ने शहीद नगर 2 वार्ड 90 में किया विकास कार्यों का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शहीद नगर 2 में शुक्रवार को महापौर सुनीता दयाल ने वार्ड 90 में दो करोड़ की लागत से बनने वाले विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पार्षद आदिल मलिक ने महापौर का धन्यवाद करते हुए कहा कि महापौर शहर के विकास के लिए हमेशा तैयार हैं। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि शहर के विकास के लिए वह हमेशा तत्पर हैं और वार्ड 90 में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शहीद नगर सेकंड में विकास कार्यों का उद्घाटन एक नए युग की शुरूआत है और जल्द ही वार्ड के सभी हिस्सों में विकास कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

पार्षद आदिल मलिक ने कहा कि महापौर के नेतृत्व में वार्ड 90 में विकास कार्य तेजी से चल रहा है और जल्द ही वार्ड के सभी हिस्सों में विकास कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने महापौर का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके सहयोग से वार्ड के विकास में नई गति मिली है। इस अवसर पर हाजी औरंगजेब नसीम सागर वाहिद शकील सलीम रशीद आदि लोग मौजूद रहे।

# यातायात माह : एक सप्ताह में ट्रैफिक पुलिस की बड़ी कारवाई : 15 हजार से अधिक चालान







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यातायात माह-नवंबर 2025 के तहत गाजियाबाद यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को लेकर सख्त रुख अपनाया है। पुलिस उपायुक्त (यातायात) और अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) के निर्देशन में चल रहे अभियान के दौरान अब तक 15 हजार से अधिक वाहनों पर चालान किए गए हैं।

### बिना हेलमेट के सबसे ज्यादा चालान

**करंट क्राइम।** सबसे अधिक 10,216 चालान बिना हेलमेट वालों के हुए, जबकि 2,452 रॉन्ग साइड ड्राइविंग, 811 तीन सवारी, 448 मोबाइल प्रयोग, और 489 काली फिल्म के मामले दर्ज किए गए। इसके अलावा 58 स्कूली वाहन, 30 नाबालिग चालक, और अन्य नियम उल्लंघन पर भी कार्रवाई की गई।

साथ ही शहर के 12 स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर 3,320 छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। यातायात पुलिस ने अपील की है कि नागरिक हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग करें, नाबालिगों को वाहन न चलाने दें और सुरक्षित यातायात व्यवस्था में सहयोग करें।

# राजनगर एक्सटेंशन की सड़कों को कराया जा रहा है गड्ढा मुक्त, क्षेत्रवासियों को मिलेगी राहत





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में भारी बरसात के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने का अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। पिछले तीन दिनों से प्राधिकरण के निर्माण अनुभाग की टीम लगातार क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत कर रही है।

जीडीए के उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने बताया कि सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के बाद निश्चित रूप से क्षेत्र के लोगों को यातायात में बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने सड़कों पर नियमित रूप से स्प्रिंकलिंग कार्य जारी रखने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि धूल प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके।

मरम्मत कार्य के तहत अजनारा इंटिग्रेटी से सोना पैलेस तक 45 मीटर चौड़ी सड़क, ऑफिसर सिटी-1 की सर्विस रोड, तथा सोना पैलेस से गुलमोहर गार्डन सोसायटी के पीछे वाले गेट तक की सड़क को डब्ल्यूएमएम, डीजीबीएम और बीसी (डामर युक्त मटेरियल) से ठीक कराया गया है। इसके अलावा वीवीआईपी गेट से गुलमोहर गार्डन, मुख्य बंधा मार्ग से ज्योति सुपर, तथा गोल चक्कर के पास 30 मीटर चौड़ी सड़क की मरम्मत भी पूरी कर ली गई है।

जीडीए अधिकारियों के अनुसार, यह अभियान अभी भी प्रगति पर है और शीघ्र ही राजनगर एक्सटेंशन की सभी सड़कों को पूरी तरह गड्ढा मुक्त कर दिया जाएगा।

# नगर निगम की बड़ी पहल, शहर को मिलेगा आकर्षक और आधुनिक बायोडायवर्सिटी पार्क

## 60 एकड़ भूमि पर बनेगा सुविधाजनक बायोडायवर्सिटी पार्क शहर को मिलेगा लाभ : नगर आयुक्त





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर में भव्य बायोडायवर्सिटी पार्क बनाने का कार्य किया जा रहा है जिसकी तैयारी जोरों पर है नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा बायोडायवर्सिटी पार्क को और अधिक भव्यता, सुंदरता, आकर्षक बनाने के साथ-साथ सुविधाजनक बनाने के लिए कुछ बिंदु को शामिल कराया जा रहा है जिसमें जिपलाइन एक्टिविटी, फॉरेस्ट रेस्टोरेंट, स्पोर्ट्स बॉक्स पार्क, स्पिरिचुअल गार्डन, बटरफ्लाई गार्डन, फूड कोर्ट एरिया स्काईवॉक एरिया को भी शामिल करते हुए डीपीआर बनाने के निर्देश टीम को दिए गए हैं, बायोडायवर्सिटी पार्क में और अधिक सुविधाओं को जोड़ने के लिए नगर आयुक्त द्वारा उद्यान विभाग टीम सहित प्रेजेंटेशन को देखा गया तथा अधिकारीयो को बायोडायवर्सिटी पार्क का स्थलीय निरीक्षण करते हुए डॉक्यूमेंटेशन करने के निर्देश दिए गए।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया गाजियाबाद में हिंडन रिवर बायोडायवर्सिटी फॉरेस्ट पार्क बनाने का कार्य चल रहा है जिसमें कई सुझाव भी आए हैं जिसके क्रम में पार्क को और अधिक आकर्षक और सुविधाजनक बनाने का निर्णय लिया गया है इसके बाद पार्क शहर वासियों के लिए और अधिक लाभदायक होगा बल्कि निगम को भी आए प्राप्त होगी जिसका निर्णय लेते हुए अधिकारियों द्वारा कार्यवाही तेज की गई है, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज द्वारा बताया गया नगर आयुक्त महोदय द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में शामिल हो रहे बिंदुओं के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है लगभग 60 एकड़ में बना रहे भव्य पार्क में हर आयु वर्ग के लिए सुविधा रहेगी। पर्यावरण के प्रति विशेष ध्यान देते हुए तथा शहर वासियों के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखते हुए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा बायोडायवर्सिटी पार्क का कार्य कराया जा रहा है जिसमें सुझावों के क्रम में कुछ बिंदुओं को भी शामिल किया गया है जो की और अधिक सुविधाजनक रहेंगे नगर निगम उद्यान विभाग द्वारा तैयारी की जा रही है। जिसमें आगामी माह में नए सुझावों को शामिल करते हुए बायोडायवर्सिटी पार्क का कार्य कराया जाएगा, बायोडायवर्सिटी पार्क में खिलाड़ियों को भी लाभ मिलेगा बल्कि स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए पर्यावरण की संपूर्ण जानकारी भी पार्क में मिल सकेगी, जिसके क्रम में प्रभारी उद्यान द्वारा टीम के साथ निरीक्षण किया गया साथ ही बनाए गए नक्शे के क्रम में कार्य प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया।




# नगर निगम के कार्यों पर उठे सवाल व्यापार मंडल ने जताया विरोध



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में नगर निगम की ओर से 15वें वित्त के तहत कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का आरोप है कि निगम की ओर से पैचवर्क और सड़क मरम्मत के कार्य तो कराए गए, लेकिन लगाए गए माल की गुणवत्ता इतनी खराब है कि हाल ही में बनाई गई सड़क दो दिन भी नहीं चल पाई है।

इंदिरापुरम व्यापार मंडल ने इस मामले पर कड़ा विरोध जताया है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष ओमबीर यादव के नेतृत्व में व्यापारियों ने क्षेत्र की सड़कों की बदहाल स्थिति पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि सड़कों की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है और नगर निगम के अधिकारी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। व्यापार मंडल ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़कों की मरम्मत और गुणवत्ता सुधार का कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान व्यापार मंडल के मीडिया प्रभारी किशोर ठाकुर, विजेन्द्र कुमार, जितेन्द्र शर्मा, मंजीत सिंह सहित अन्य कई व्यापारी मौजूद रहे। वहीं, मामले पर जानकारी देते हुए जेई पूजा सिंह ने बताया कि काला पत्थर रोड पर इस कार्य के लिए कोई टेंडर नहीं हुआ था, कुछ गड्ढे भरवाए गए हैं लेकिन गड्ढे भरने के तुरंत दौरान गुणवत्ता पर लोगों ने सवाल उठाए हैं जिसे दोबारा भरवा दिया जाएगा।

## मंदिर बनाने से ज्यादा मंदिर बचाने पर ध्यान दिया जाना चाहिए : यति नरसिंहानंद



**हापुड़।** डासना स्थित शिव शक्ति धाम के महंत और जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद ने कहा कि हिंदू केवल मंदिर बनने पर ध्यान दे रहे हैं। मंदिरों की सुरक्षा पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह बहुत ही गलत है। धर्म के अनुसार उसी को मंदिर बनाने का अधिकार है जो अनंत काल तक मंदिर की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प ले सके।

भगवान पुरी स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन करने के बाद यति नरसिंहानंद ने कहा कि मंदिरों की सुरक्षा तभी संभव है जब हिंदू जनसंख्या की जंग को कभी ना हारे अगर हिन्दू जनसंख्या की जंग को हार गया तो कोई भी मंदिर सुरक्षित नहीं रहेगा।मंदिर के न रहने से देव और पितृ दोनों कुपित होकर मंदिर बनवाने वालों को दंड देंगे।इसका परिणाम बहुत विनाशकारी होगा। उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों को सनातन धर्म और हिंदू समाज के लिए बहुत ही खतरनाक बताते हुए इसका जिम्मेदार हिंदुओं के तथाकथित नेताओं को बताया। उन्होंने हिंदू समाज विशेषरूप से मातृशक्ति से ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने का आह्वान भी किया।

महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज के साथ यति अभयानंद,यति धमार्नंद,यति परमात्मानंद,डॉ योगेंद्र योगी, बृजमोहन सिंह बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे। सतीश, संजय कुमार शर्मा,अरुण त्यागी, विपुल मित्तल सहित बहुत बड़ी संख्या में भक्तगणों ने संतों का स्वागत किया।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समर कूल परिवार में इन दिनों मंगल महोत्सव चल रहा है। नव वधू ने जब पहली बार गृह प्रवेश किया तो पूरे परिवार ने पलक पावडे बिछाकर स्वागत किया। समर कूल परिवार के मुखिया संजीव गुप्ता ने परिवार की इस खुशी को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।




# 'पीएम मोदी से चल रही अच्छी बात, जल्द करूंगा भारत का दौरा', अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा एलान



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी बातचीत बेहद अच्छी चल रही है और वे जल्द ही भारत दौरे पर आ सकते हैं। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को मीडिया से बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा हमारे बीच बातचीत बहुत अच्छी चल रही है। उन्होंने रूस से तेल खरीदना काफी हद तक बंद कर दिया है। मोदी मेरे दोस्त हैं, हम बात करते रहते हैं और उन्होंने मुझे भारत आने का न्योता दिया है। हम तारीख तय करेंगे... प्रधानमंत्री मोदी एक महान व्यक्ति हैं और मैं भारत जाऊंगा।

जब उनसे पूछा गया कि क्या वे अगले साल भारत का दौरा करेंगे, तो ट्रंप ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, ह्लहो सकता है, हां। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत अभी जारी है। ट्रंप ने कहा कि ट्रेड के कुछ मुद्दों पर मतभेद हैं, लेकिन हमारी टीम इस पर काम कर रही है।

हालांकि दोनों देशों के बीच बीते कुछ समय से व्यापार को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। अमेरिका चाहता है कि भारत अपने बाजारों को और अधिक खोलने पर विचार करे, जबकि भारत कृषि और तकनीकी क्षेत्र में अमेरिकी रियायतों की उम्मीद कर रहा है। ट्रंप के कार्यकाल के दौरान भी दोनों देशों के बीच कई व्यापारिक समझौतों पर बात हुई थी, लेकिन कुछ मतभेदों के कारण वे अधूरे रह गए थे।

### भारत-रूस तेल व्यापार पर ट्रंप का दावा

ट्रंप ने हाल ही में भारत-रूस तेल व्यापार को लेकर भी बयान दिया था। उनका कहना था कि भारत अब रूस के साथ तेल व्यापार को सीमित करेगा।

### यह सब टैरिफ की वजह से हुआ- ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि उनके कार्यकाल के दौरान उन्होंने आठ युद्ध खत्म कराए, जिनमें से पांच से छह केवल टैरिफ (आर्थिक प्रतिबंधों) की वजह से रुके। ट्रंप ने कहा अगर आप भारत और पाकिस्तान को देखें, तो वे आपस में लड़ने लगे थे। दोनों परमाणु हथियार वाले देश हैं... उस समय आठ विमान गिराए गए थे। तब मैंने दोनों से कहा, अगर तुम लोग लड़ाई जारी रखोगे, तो मैं तुम पर टैरिफ लगा दूंगा। वे इस बात से खुश नहीं थे, लेकिन 24 घंटे के भीतर मैंने वह युद्ध खत्म करा दिया। ट्रंप ने आगे कहा अगर मेरे पास टैरिफ का विकल्प नहीं होता, तो मैं यह युद्ध नहीं रोक पाता।

पिछले महीने से ट्रंप इस मुद्दे पर कई दावे कर चुके हैं। इससे पहले भी ट्रंप ने अपने भाषण के दौरान भारत से जल्द व्यापार समझौता पूरा होने के संकेत दिए थे। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका जल्द ही व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। हालांकि, इस बीच उन्होंने आयात शुल्क को अमेरिका की ताकत के तौर पर भी दशार्या। ट्रंप ने एक बार फिर पुराना राग अलापते हुए कहा, अगर आप भारत-पाकिस्तान को देखें तो मैं भारत के साथ व्यापार समझौता करने वाला हूं और मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बेहद सम्मान करता हूं।

### मोदी-ट्रंप की पुरानी साझेदारी

डोनाल्ड ट्रंप और नरेंद्र मोदी के बीच लंबे समय से अच्छे संबंध रहे हैं। 2020 में ट्रंप ने भारत का दौरा किया था, जहां अहमदाबाद में आयोजित नमस्ते ट्रंप कार्यक्रम में दोनों नेताओं ने एक-दूसरे की तारीफ की थी। अब एक बार फिर ट्रंप के इस बयान ने भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर नई चर्चा छेड़ दी है।

# फिलिबस्टर खत्म करने की ट्रंप की मांग पर बंटे रिपब्लिकन, अपनी ही पार्टी में बढ़ा विरोध




**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति की हर तरह की मांगों का समर्थन करने वाले रिपब्लिकन नेताओं को लेकर डोनाल्ड ट्रंप को लगने लगा है कि इन नेताओं की भी एक सीमा है। उन पर सीनेट रिपब्लिकनों ने अब फिलिबस्टर (कानून पास करने के लिए 60 वोटों की जरूरत संबंधी सीमा) को खत्म नहीं करने का दबाव बनाया है। इस मुद्दे को लेकर ट्रंप का उनकी ही पार्टी में अंदरूनी रूप से विरोध होने लगा है।

बहुमत नेता जॉन थून ने कहा है कि फिलिबस्टर सीनेट को सीनेट बनाता है और वोट नियमों को बदलने के लिए नहीं होते हैं।

थून समेत अन्य रिपब्लिकन नेता जोर दे रहे हैं कि जब डेमोक्रेट्स सत्ता में होते हैं तो फिलिबस्टर से उन्हें फायदा होता है। इस संबंध में ट्रंप ने सुबह के नाश्ते पर जब रिपब्लिकन नेताओं को फिलिबस्टर हटाकर कानून बनाने के लिए जरूरी सीमा घटाकर 51 वोट करके सरकारी शटडाउन को खत्म करने की अपील दोहराई तो नेताओं ने इसका विरोध किया। नाश्ते के तुरंत बाद संसद भवन लौटते हुए थून अपनी बात पर अड़े रहे।

सीनेट में दूसरे नंबर के रिपब्लिकन, व्योमिंग के सीनेटर जॉन बैरासो ने कहा है कि वह किसी भी बदलाव का समर्थन नहीं करेंगे। ट्रंप का विरोध करने वालों में केंटकी के सीनेटर मिच मैककोनेल, अलास्का की सीनेटर लिसा मुर्कोव्स्की, सीनेटर जॉन कर्टिस और उत्तरी कैरोलिना के सीनेटर थॉम टिलिस भी शामिल हैं।

# तूफान से वियतनाम में भी तबाही, अब तक पांच की मौत; फिलीपींस में 188+ लोग गंवा चुके हैं जान



**वियतनाम।** तूफान कल्मेगी ने वियतनाम और फिलीपींस में भीषण तबाही मचाई है। वियतनाम में कम से कम पांच लोगों की मौत हुई है, जबकि रिहायशी इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। बता दें कि यह तूफान कुछ दिन पहले ही फिलीपींस में व्यापक तबाही मचाकर आगे बढ़ा था। फिलीपींस में इस तूफान की चपेट में आने से 188 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 135 लोग लापता हैं।

खबरों के मुताबिक तूफान कल्मेगी के कारण वियतनाम के डाक लक और जिया लाई प्रांतों में सबसे ज्यादा जनहानि हुई है। तीन लोग डाक लक में और दो लोग जिया लाई में मारे गए हैं। क्वांग नगाई में तीन लोग लापता हैं। तूफान की चपेट में आने वाले 52 घर पूरी तरह नष्ट हो गए, जबकि लगभग 2,600 अन्य घरों को भी भारी नुकसान पहुंचा। इनमें से 2,400 से अधिक घर जिया लाई में हैं। तूफान के कारण बिजली सप्लाई पर भी असर पड़ा है। विद्युत सप्लाई बाधित होने से 16 लाख से अधिक परिवार प्रभावित हुए हैं।

# दो विमान हादसों से जुड़े बोइंग 737 मैक्स केस में राहत अमेरिकी अदालत ने आपराधिक मामला किया खत्म




**वाशिंगटन।** दो घातक हवाई हादसों से जुड़े बोइंग 737 मैक्स विमान मामले में अमेरिकी अदालत ने गुरुवार को विमान निमार्ता कंपनी बोइंग के खिलाफ दर्ज आपराधिक साजिश का मामला खत्म कर दिया। टेक्सास की एक संघीय अदालत के जज रीड ओह्लकॉनर ने यह फैसला देते हुए कहा कि कंपनी को अपने समझौते के तहत 1.1 अरब डॉलर का जुमार्ना, मुआवजा और सुरक्षा सुधारों पर निवेश करना होगा।

यह मामला 2018 और 2019 में हुई दो घातक दुर्घटनाओं से जुड़ा है, जिनमें 346 लोगों की जान गई थी। ये हादसे क्रमशः इंडोनेशिया और इथियोपिया में हुए थे, जब विमान टेकऑफ के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। जांच में सामने आया कि बोइंग ने अपने फ्लाइट-कंट्रोल सिस्टम के बारे में अमेरिकी नियामकों को गलत जानकारी दी थी, जो दोनों हादसों की बड़ी वजह बना।

सितंबर में हुई सुनवाई के दौरान कई पीड़ित परिवारों ने अदालत से अपील की थी कि इस समझौते को खारिज कर बोइंग पर सख्त कार्रवाई की जाए। कई परिजनों ने यूरोप और अफ्रीका से टेक्सास पहुंचकर अपनी भावनाएं रखीं। फ्रांस से आई कैथरीन बर्थेट ने कहा बोइंग को अपनी आजादी खरीदने मत दीजिए। मेरी बेटी कैमीली की जान गई, हमें न्याय चाहिए।

**यह मामला 2018 और 2019 में हुई दो घातक दुर्घटनाओं से जुड़ा है, जिनमें 346 लोगों की जान गई थी। ये हादसे क्रमश: इंडोनेशिया और इथियोपिया में हुए थे**

अमेरिकी न्याय विभाग ने अदालत को बताया कि यह समझौता जनता के हित में है और मुकदमे से बेहतर परिणाम देगा। हालांकि करीब 100 परिवारों में से 110 पीड़ितों के परिजन इस समझौते के पक्ष में या इसके खिलाफ नहीं थे।

बोइंग 737 मैक्स को 2017 में पहली बार उड़ान के लिए मंजूरी मिली थी, लेकिन इथियोपिया हादसे के बाद इन विमानों को 20 महीनों के लिए पूरी दुनिया में ग्राउंड कर दिया गया था। बाद में बोइंग ने सॉफ्टवेयर सिस्टम को फिर से डिजाइन किया और सुरक्षा मानकों में बदलाव किए। इस मामले ने यह बड़ा सवाल खड़ा किया है कि क्या बड़ी कंपनियां भारी मुआवजा देकर अपनी जिम्मेदारी से बच सकती हैं, जबकि सैकड़ों परिवार अब भी अपने खोए हुए प्रियजनों के लिए न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# इंडोनेशिया के स्कूल परिसर में बनी मस्जिद में जुमे की नमाज के बीच धमाके, बच्चों समेत 54 लोग घायल; तीन गंभीर



**इंडोनेशिया।** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में एक हाई स्कूल परिसर में बनी मस्जिद में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान धमाके हुए। धमाकों की चपेट में आने से कम से कम 54 लोग घायल हुए हैं। इनमें अधिकांश छात्र शामिल हैं। धमाकों का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। जकार्ता पुलिस प्रमुख एसेप ईदी सुहेरी ने बताया कि शुरूआती जांच के मुताबिक विस्फोट मस्जिद के लाउडस्पीकर के पास हुए हैं।

जकार्ता पुलिस प्रमुख एसेप ईदी सुहेरी ने बताया, पुलिस की एंटी-बॉम्ब स्क्वॉड ने मस्जिद की तलाशी ली। जांच दल ने घटनास्थल से खिलौने वाली राइफल और पिस्टल बरामद की है। धमाकों के कारणों की जांच की जा रही है। घायलों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

### कई लोगों की हालत गंभीर

अस्पताल में भर्ती कराए गए कुछ लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। लगभग 20 छात्र अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस प्रमुख सुहेरी ने लोगों से अपील की है कि घटना को लेकर जल्दबाजी में कोई निष्कर्ष या अफवाह न फैलाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद तथ्य सार्वजनिक किए जाएंगे।

स्कूल परिसर में सिलसिलेवार विस्फोटों के कारण दहशत फैल गई। खबरों के मुताबिक धमाके रटअ 27 नाम के सरकारी हाई स्कूल परिसर में बनी मस्जिद में हुए हैं। ये स्कूल उत्तरी जकार्ता के केलापा गाडिंग इलाके में नौसेना परिसर के अंदर स्थित है।

### जुमे की नमाज के दौरान हुआ धमाका

स्थानीय टीवी चैनलों पर प्रसारित प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के मुताबिक शुक्रवार दोपहर जुमे की नमाज के दौरान जब खुत्बा शुरू हुआ, तभी दो तेज धमाकों की आवाज सुनाई दी। विस्फोट के बाद मस्जिद में धुआं फैलने लगा। दहशत में वहां मौजूद छात्र और अन्य लोग चीखते-चिल्लाते बाहर निकले। अफरा-तफरी में धमाके के बाद बिखरे कांच के टुकड़ों से कई लोगों को चोटें आईं। कुछ लोगों की हालत गंभीर है।

### हर पहलू से जांच कर रही पुलिस

गौरतलब है कि धमाके ऐसे समय में हुए हैं, जब देश के स्कूलों और सार्वजनिक जगहों पर सुरक्षा एक गंभीर चिंता बनी हुई है। फिलहाल अधिकारी यह पता लगाने में जुटे हैं कि धमाके लाउडस्पीकर की खराबी, गैस या बिजली की समस्या, या किसी अन्य कारण से हुए हैं। पुलिस के मुताबिक किसी भी संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जा रहा है। हर पहलू से जांच की जा रही है।

# पीओके में पाकिस्तान के विरुद्ध सड़कों पर जेन-जी, प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर फायरिंग से बढ़ा बवाल



**पीओके।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में एक बार फिर शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन भड़क उठा है। नेपाल की तरह ही अब पीओके में भी आंदोलन की कमान जेन-जी ने संभाल ली है। हालांकि, शुरू में छात्रों का शांतिपूर्ण प्रदर्शन शिक्षा सुधार और फीस कटौती पर केंद्रित था लेकिन उनकी मांगों को सुनने के बजाय सेना-पुलिस की मदद से उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की गई तो हालात बेकाबू हो गए।

सोशल मीडिया पर कई ऐसे वीडियो सामने आए हैं जिसमें मुजफ्फराबाद के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी सड़कों पर उतरे छात्रों को नारेबाजी, तोड़फोड़ करते और टायर आदि जलाते देखा जा सकता है।

शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ बड़े आंदोलन में बदले विरोध-प्रदर्शन को पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में युवा पीढ़ी के बीच गहराते असंतोष के तौर पर देखा जा रहा है। कई सोशल मीडिया पोस्ट में यह भी कहा जा रहा है कि नेपाल के बाद अब पीओके में जेन-जी के आंदोलन ने पाकिस्तान की सरकार और सेना के लिए हालात मुश्किल बना दिए हैं।

# चीनी नौसेना में शामिल हुआ तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियान
## बदल देगा समुद्री शक्ति संतुलन, भारत कब तक सोचता रहेगा?



**बीजिंग:** चीन की नौसेना में तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर शामिल हो गया है। इसका नाम फुजियान है और अब ये आधिकारिक तौर पर सर्विस में आ गया है। डिफेंस एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह एयरक्राफ्ट कैरियर, दुनिया की सबसे बड़ी नौसेना (चीन) को अपने जलक्षेत्र से परे बीजिंग के प्रभाव क्षेत्र का विस्तार करने में मदद करेगा। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट में बताया है कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग बुधवार को दक्षिणी हैनान प्रांत के सान्या शहर में निरीक्षण दौरे के लिए एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियान पर सवार हुए। चीन का मकसद कम से कम 11 एयरक्राफ्ट कैरियर बनाना है और इसके पीछे का मकसद क्या हो सकता है, ये कहने की जरूरत नहीं है।

फुजियान, चीन का सबसे एडवांस एयरक्राफ्ट कैरियर है, जिसमें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापल्ट टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। ये वही टेक्नोलॉजी है, जो अमेरिकी नौसेना के लेटेस्ट एयरक्राफ्ट कैरियर USS Gerold R. Ford में इस्तेमाल की गई है। ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक, फुजियान अपने इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापुल्ट और सपाट उड़ान डेक के साथ तीन अलग-अलग प्रकार के विमान लॉन्च कर सकता है। आपको बता दें कि चीन ने इसी साल अपने पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान ख-35अ मरीन को भी एयरक्राफ्ट कैरियर के लिए लॉन्च कर चुका है। यानि, चीन की नौसेना अब काफी शक्तिशाली हो चुकी है।

### चीन की नौसेना में शामिल हुआ तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर

चीन ने फुजियान एयरक्राफ्ट कैरियर को स्वदेश में ही बनाया है और यह पोत, भारी हथियारों और ईंधन से लदे विमानों को ले जा सकता है ताकि वे दुश्मन के ठिकानों पर ज्यादा दूरी से हमला कर सकें। चीन के पास पहले से दो एयरक्राफ्ट कैरियर लियाओनिंग और शांदोंग हैं, जिन्हें रूस ने बनाया है, लेकिन ये तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियान, उन दोनों के मुकाबले ज्यादा शक्तिशाली और एडवांस है। चीन की सरकारी मीडिया ने फुजियान को चीन की नौसेना के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया है। अब अमेरिका दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जिसके पास फुजियान जैसी इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापुल्ट प्रणाली वाला एयरक्राफ्ट कैरियर है।

फुजियान एयरक्राफ्ट कैरियर उस वक्त सर्विस में आया है, जब चीन-ताइवान तनाव लगातार बढ़ रहा है। विश्लेषकों का मानना है कि यह कैरियर, चीन को ताइवान, जापान और दक्षिण चीन सागर के विवादित इलाकों में दबाव बढ़ाने का नया साधन देगा। ताइवान के रक्षा मंत्रालय से जुड़े रिसर्चर जियांग हसिन-बियाओ का कहना है कि भविष्य में चीन अपने कैरियर ग्रुप्स, जिनमें युद्धपोत, पनडुब्बियां और सपोर्ट शिप्स शामिल हैं, उन्हें पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में तैनात कर सकता है, जिससे ताइवान को चारों ओर से घेरने की रणनीति संभव हो जाएगी।

# बांग्लादेश में विद्रोह को संभालने में गलती हुई... शेख हसीना ने कहा, फांसी की सजा मिले तो हैरानी नहीं!



**नई दिल्ली/ढाका:** पिछले साल अगस्त में सत्ता छोड़कर बांग्लादेश से भागने वाली शेख हसीना ने कहा है कि 'विद्रोह को हैंडल करने में सुरक्षा बलों से निश्चित तौर पर गलतियां हुई हैं।' शेख हसीना को बांग्लादेश से निकले अब करीब 15 महीनों का वक्त हो चुका है और उन्होंने द हिन्दू को दिए गये एक इंटरव्यू में 'गलती' को माना है। शेख हसीना ने कहा है कि पिछले साल के छात्र-जन विद्रोह के दौरान 'अव्यवस्थित स्थिति' से निपटने के दौरान सुरक्षा बलों से निश्चित रूप से गलतियां हुई थीं।

शेख हसीना ने कहा कि उन्हें इस बात पर संदेह है कि बांग्लादेश में फरवरी 2026 में चुनाव होंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव हुए भी, तो उन्हें वैध नहीं माना जाएगा क्योंकि उनकी पार्टी अवामी लीग पर प्रतिबंध लगा हुआ है। हालांकि, शेख हसीना ने ये भी कहा कि उन्होंने अपने समर्थकों से चुनाव का बहिष्कार करने का आह्वान नहीं किया है और उन्होंने एक बड़ी हिंसा को लेकर अपने समर्थकों को आगाह किया है।

# भारत से दक्षिण अफ्रीका जा रहे जहाज पर सोमाली लुटेरों का कब्जाए ब्रिटिश सेना ने जारी किया अलर्ट



**सोमालिया।** सोमालिया के तट के पास भारत से दक्षिण अफ्रीका जा रहे एक जहाज पर मशीन गन और रॉकेट प्रोपेल्ड गन से लैस लुटेरों ने हमला कर उस पर कब्जा कर लिया है। माना जा रहा है कि सोमालिया के समुद्री लुटेरों ने इस हमले को अंजाम दिया। ब्रिटिश सेना के यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर ने इस हमले पर अलर्ट जारी किया और क्षेत्र में मौजूद जहाजों को चेतावनी दी।

प्राइवेट सुरक्षा फर्म एम्ब्रे ने भी जहाज पर हमले की जानकारी दी। एम्ब्रे ने कहा कि यह हमला भारत के सिक्का से दक्षिण अफ्रीका के डरबन जा रहे माल्टा के झंडे वाले एक टैंकर पर किया गया। एम्ब्रे ने आगे कहा कि यह सोमाली समुद्री डाकुओं का हमला लग रहा है, जिनके बारे में हाल के दिनों में इस इलाके में सक्रिय होने की खबरें आई हैं। इससे पहले सोमालिया के समुद्री डाकुओं ने एक ईरानी मछली पकड़ने वाली नौका पर भी कब्जा कर लिया था। हालांकि ईरान की सरकार की तरफ से नाव पर कब्जे की बात स्वीकार नहीं की गई है।

### 2011 में जहाजों पर हमलों की 237 घटनाएं दर्ज की गईं

सोमालिया के तट के पास समुद्री डकैती 2011 में अपने चरम पर थी, जब विभिन्न जहाजों पर हमलों की 237 घटनाएं दर्ज की गईं थी। ओशन्स बियांड पाइरेसी मॉनिटरिंग ग्रुप के अनुसार, उस समय इस क्षेत्र में सोमाली समुद्री डकैती से दुनिया की अर्थव्यवस्था को लगभग 7 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था, जिसमें 1.6 करोड़ डॉलर फिरौती के तौर पर दिए गए थे।




# वंदे मातरम केवल गीत नहीं, भारत की आत्मा की धड़कन है : लक्ष्मीकांत बाजपेयी

## गाज़ियाबाद में राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पर भाजपा महानगर द्वारा राष्ट्रभक्ति समारोह सम्पन्न

● सभी उपस्थितजनों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया







**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी महानगर गाज़ियाबाद द्वारा शुक्रवार को भारत माता चौक, शालीमार गार्डन में राष्ट्रभक्ति समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत बाजपेयी, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, तथा अन्य अतिथियों द्वारा भारत माता और बंकिम चंद्र चटोपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ।

इसके बाद सभी उपस्थितजनों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया। कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, कार्यकर्ता, युवा और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियाँ इमोना विक्टर और विक्टर ने दीं, जबकि बच्चों और युवा कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को जीवंत बना दिया। आयोजन व्यवस्था में अमित त्यागी (महानगर संयोजक), प्रदीप चौधरी, रवि भाटी, धीरज अग्रवाल, सरदार सिंह भाटी, कालीचरण पहलवान आदि का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम का समन्वय भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में किया गया।





# लाल बत्ती पर मासूमों की ज़िंदगी से खेल! हिमांशु लव ने पुलिस कमिश्नर से की सख़्त कार्रवाई की मांग




### ट्रैफिक सिग्नल पर शीशे साफ करते बच्चे और गोद में बच्चे लेकर भीख माँगती महिलाएँ बन रहीं हादसों का कारण

**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने पुलिस कमिश्नर गाज़ियाबाद को पत्र लिखकर शहर के प्रमुख चौराहों पर बढ़ती एक खतरनाक प्रवृत्ति की ओर ध्यान दिलाया है।

उन्होंने कहा कि चौधरी मोड़, घंटाघर, पुराना बस अड्डा और मोहन नगर जैसे व्यस्त चौराहों पर 8 से 12 वर्ष तक के बच्चे लाल बत्ती पर गाड़ियों के पास दौड़कर शीशे साफ करते हैं, जिससे किसी भी पल बड़ा हादसा हो सकता है। हिमांशु लव ने लिखा कि महिलाएँ भी छोटे बच्चों को गोद में लेकर ट्रैफिक के बीच भीख माँगती नजर आती हैं, जो स्वयं और अपने बच्चों को गंभीर खतरे में डालती हैं।

उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस और सिविल पुलिस की मौजूदगी के बावजूद इन घटनाओं पर कोई रोक नहीं लगाई जा रही, जो सुरक्षा और व्यवस्था दोनों के लिए चिंता का विषय है।

पूर्व पार्षद ने पुलिस कमिश्नर से अपील की है कि ऐसे बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असहनीय दुर्घटना से बचा जा सके।

# गाजियाबाद कलेक्ट्रेट में डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर स्थापित, टोलफ्री नम्बर 1950 पर दर्ज होंगी निर्वाचन शिकायतें

### कक्ष संख्या 301 में शुरू हुआ संचालन, सुबह 8 से रात 8 बजे तक रहेगा सक्रिय



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के क्रम में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जनपद गाजियाबाद में डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर की स्थापना की गई है। यह केंद्र कलेक्ट्रेट परिसर के कक्ष संख्या 301 में संचालित किया जा रहा है।

अपर जिलाधिकारी (वि/रा) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ भट्ट ने बताया कि नागरिक निर्वाचन से जुड़ी किसी भी प्रकार की शिकायत या जानकारी के लिए टोलफ्री नम्बर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं। यह नम्बर सप्ताह के सभी दिनों में प्रातः 8:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक सक्रिय रहेगा।

उन्होंने बताया कि डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी, गाजियाबाद को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

## 15 नवंबर से गाजियाबाद में चालू होगा इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम

# 41 चौराहों पर लगेंगे स्मार्ट कैमरे, ऑटोमैटिक चालान से सुधरेगी ट्रैफिक व्यवस्था





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को आधुनिक और अनुशासित बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। 15 नवंबर से गाजियाबाद में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम शुरू होने जा रहा है। इस अत्याधुनिक प्रणाली के जरिए अब शहर के 41 प्रमुख चौराहों पर लगे हाई-रिजॉल्यूशन कैमरे ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों का ऑटोमैटिक चालान जारी करेंगे।


पूरे सिस्टम की मॉनिटरिंग नगर निगम मुख्यालय से की जाएगी, जहां एक आधुनिक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यहां से रीयल टाइम ट्रैफिक कंट्रोल और लाइव निगरानी की सुविधा होगी।

डीसीपी ट्रैफिक और नगर आयुक्त लगातार इस अभियान की समीक्षा कर रहे हैं। उनका उद्देश्य है कि सिस्टम लागू होने के बाद गाजियाबाद में ट्रैफिक अनुशासन, सड़क सुरक्षा और जाम की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हो।

### शहर के सभी प्रमुख मार्ग होगे कवर

करंट क्राइम। मेरठ रोड, हिंडन तिराहा, कौशांबी, मोहन नगर, राजनगर एक्सटेंशन और लिंक रोड — अब इस स्मार्ट सिस्टम के दायरे में आ जाएंगे। कैमरों से मिलने वाले फीड के आधार पर न सिर्फ नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई होगी, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और ट्रैफिक फ्लो प्रबंधन में भी मदद मिलेगी। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि संचालन के बाद किसी भी वाहन चालक के लिए नियमों की अनदेखी संभव नहीं होगी, क्योंकि हर गतिविधि कैमरे में स्वतः रिकॉर्ड होगी। गाजियाबाद प्रशासन का लक्ष्य है कि आने वाले समय में शहर को उत्तर प्रदेश का पहला 'स्मार्ट ट्रैफिक मॉडल सिटी' घोषित किया जाए।

### गाजियाबाद ITMS योजना



कुल लागत : लगभग रू 80 करोड़
शुभारंभ तिथि : 15 नवंबर 2025
चौराहे शामिल : 41 प्रमुख स्थानों पर कैमरे
फीचर : हाई-रिजॉल्यूशन कैमरों से ऑटोमैटिक चालान सिस्टम
कंट्रोल रूम : नगर निगम मुख्यालय, जहां से होगी रीयल टाइम मॉनिटरिंग
निरीक्षण व नेतृत्व : डीसीपी ट्रैफिक और नगर आयुक्त
लक्ष्य : गाजियाबाद को बनाना स्मार्ट ट्रैफिक सिटी मॉडल
प्रभाव : बेहतर ट्रैफिक अनुशासन, जाम और दुर्घटनाओं में कमी

# किसानों पर फर्जी मुकदमे वापस लेने और वार्ता कराने की मांग, वेव सिटी में आंदोलन की चेतावनी



**गाजियाबाद(करंट क्राइम)।** किसान संघर्ष समिति वेव सिटी के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी गाजियाबाद को ज्ञापन सौंपकर किसानों पर दर्ज फर्जी मुकदमे वापस लेने और समिति तथा जीडीए वीसी के बीच वार्ता कराने की मांग की है। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वेव सिटी में आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में बताया गया कि मई 2014 में किसानों और वेव सिटी बिल्डर के बीच एक समझौता हुआ था, लेकिन आज तक किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। समिति ने आरोप लगाया कि धरना-प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन ने जबरन आंदोलन समाप्त करवाया और आठ किसानों को जेल भेज दिया, जबकि कई अन्य किसानों पर फर्जी मुकदमे दर्ज किए गए।

किसान संघर्ष समिति ने कहा कि अक्टूबर माह में फिर से गलत तरीके से मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं। इस संबंध में समिति ने जिलाधिकारी से व्यक्तिगत मुलाकात कर ज्ञापन भी दिया था। समिति ने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा कार्रवाई का आश्वासन देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे किसानों में रोष व्याप्त है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बात पर हमारा ध्यान बार-बार जा रहा है श्रीमान? नदिया पार में खूब लग रहे हैं विधायक पंकज सिंह के प्रोग्राम? हमें तो लगातार उनके आने से दिखाई देती है विधानसभा वाली दस्तक? सुन कर ये बात सामने वाले ने कहा गलत सोच रहा है यहां पर तुम्हारा मस्तक? वो नेता हैं बहुत ही भारी? दो योजना के बाद वो विधानसभा की नहीं करेंगे लोकसभा की तैयारी? वैसे भी चर्चा यही है कि आखिर खेलनी है इस सीट पर आने वाले समय में ठाकुर चेहरे ने ही पारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे एक विवाह कार्यक्रम में मौजूद? वहां पर बजरंगी भैया मिस्टर डागर ने उठा दी कौन निभा रहा है मुखिया के ग्रीन गॉड बारबर वाला किरदार? सुना है यहां पर मीठी बात करने वाले त्यागी जी भी मौजूद थे और हो रहे थे हमको यहां पर गोयल साहब के भी दीदार? ये सुनकर निकाल दिया तुरंत ही त्यागी जी ने हल? कहा आप ना जाने किसकी बात कर रहे हो? हम तो बिल्कुल भी नहीं है, कहो तो उठा लें हाथों में गंगाजल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कहीं पर थे सपा के अध्यक्ष मौजूद? वहां पर हुई उनकी एक भगवा जनप्रतिनिधि से मुलाकात? जनप्रतिनिधि ने खोड़ा वालों के बड़े बड़े होर्डिंग के पीछे वाले जानने चाहे हालात? किया यादव जी से सवाल? क्या शर्मा जी का है फिर से चुनाव लड़ने का ख्याल? इस बात पर यादव जी ने कहे शब्द बैटर? बोले मैं आपको बता तो देता? मगर ये है हमारे पार्टी के अंदर का मैटर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारी लगातार है नदिया पार के सौंफ वाले शर्मा जी पर नजर? हम देख रहे हैं आजकल वो गर्ग साहब के दिखाई दे रहे हैं कभी इधर तो कभी उधर? शुक्रवार को भी वो आये थे गर्ग साहब के साथ? सौंफ वालों की तैयारी देख कर लग रहा है? आज नहीं तो कल उनकी बनेगी बात? क्योंकि वो पहलवान के भी आदमी हैं खास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें समझ नहीं आ रहा आखिर मैम्बर शीतल चांधरी के मैटर में अपनी ही सरकार में क्या फंस गया है पेंच? क्यों नहीं आई है अभी तक फारेंसिक रिपोर्ट बाहर? हफ्ते से ज्यादा बीत गया है, आखिर क्यों नहीं खुल रहा है केस? कहने वाले ने कहा आज नहीं तो कल होना ही है मामला पंच? तब तक हम भी वेट कर रहे हैं? रोजाना करते हुए लंच?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बजरंगी भैया मिस्टर डागर के शादी वाले फंक्शन में फिर ये आये जज्बात बाहर? वो बोले जो हमारे साथ हुआ है? अभी तो वो बहुतों के साथ होना है यार? उन्होंने यहां पर लिया कई मैम्बर का उदाहरण? गिनाये सबके साथ हुई बेरूखी के उदाहरण? कहा हम तो सिर्फ झांकी है? अभी तो ऐसा बहुतों के साथ होना है? पिक्चर अभी बाकी है?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम खड़े थे युवा वाले अध्यक्ष जी के साथ? हमने उन पर सोच समझ कर टोंट कसा साहब? हमने कहा आपकी टीम के नहीं होते हैं अब आपके साथ दीदार? कोई भगवा योद्धा के साथ नजर आता है तो कोई मंत्री जी के काफिले में दिखता है सवार? ये सुनकर अध्यक्ष जी ने दिया अलग ही जवाब? वो बोले हमारी टीम के चेहरों का उनके साथ लाजमी है नजर आना? वो दोनों पार्टी के कद्दावर नेता है? हमारी तो हुई है बस शुरूआत?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे कहीं पर? हमें दिखाये किसी ने गर्ग साहब के खास लोगों के एक्सकार्ट लेकर चलने वाली तस्वीर? कराया कराने वाले ने एहसास कि काश हमारी भी होती ऐसी तकदीर? कहने वाले ने कहा कि हमें इस बात का है बखूबी ज्ञान? आज तक हमने गर्ग साहब को कभी एक्सकार्ट में चलते नहीं देखा? जरूर उनके खास लोगों को एक्सकार्ट किसी और ने उपलब्ध कराई होगी श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि शुरू हो चुकी है अब कार्यकारिणी उपाध्यक्ष वाली चढ़ाई? पता चला है नदिया पार के दो ठाकुर चेहरे इस पद को पाने के लिए कर रहे हैं आपस में ही लड़ाई? कहने वाले ने कहा सूचना हमें मिली है ताजी? अगर ये दोनों यूं ही लड़ते रहे तो फिर कोई और ले जायेगा बाजी? इनके आका रहते हैं विवादों से दूर? इसलिए आशीर्वाद कहीं और ट्रांसफर हो सकता है? इस बात का ध्यान रखना होगा हुजूर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कार्यकारिणी उपाध्यक्ष को लेकर अगर बैठेगी कोर? सुना है इस कोर से खुद को एक विधायक कर देंगे इग्नोर? वो नहीं बनेगें बैठक का हिस्सा? इसके पीछे पता चला है हमें कुछ और ही किस्सा? विधायक जी ने दिया है ये संदेश? लोग बैकफुट पर आगे आ जाते हैं? करके आगे हमारा फेस?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# डीसीपी धवल जायसवाल के नेतृत्व में सिटी पुलिस का बड़ा खुलासा 50 लाख के 200 मोबाइल बरामद, मालिकों को लौटाए गए





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल के नेतृत्व में नगर जोन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की सर्विलांस, स्वॉट और थानों की टीमों ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न कंपनियों के 200 मोबाइल फोन बरामद किए। इनकी अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने बरामद मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को लौटा दिए हैं।

यह कार्रवाई सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज मोबाइल चोरी, स्नैचिंग और मोबाइल खोने की शिकायतों के आधार पर की गई। नगर जोन की टीम ने सर्विलांस तकनीक और मैनुअल इनपुट्स की मदद से गहन विश्लेषण कर मोबाइल फोनों की लोकेशन ट्रेस की और सफलता पूर्वक बरामदगी की। डीसीपी धवल जायसवाल ने बताया कि नागरिकों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों पर तेजी और पारदर्शिता के साथ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस तकनीकी साक्ष्यों और आधुनिक साधनों की मदद से हर शिकायत पर गंभीरता से काम कर रही है।

डीसीपी धवल जायसवाल के निर्देशन में लगातार खुलासे हो रहे हैं, जिससे नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास और भरोसा बढ़ा है।

### थाना-वार मोबाइल बरामदगी का विवरण

1. थाना कोतवाली नगर : 50
2. थाना विजय नगर : 50
3. थाना सिहानी गेट : 16
4. थाना नंदग्राम : 28
5. थाना कविनगर : 24
6. थाना मधुबन बापूधाम : 24
7. थाना साइबर : 08

कुल बरामद मोबाइल : 200 (कीमत लगभग रू 50 लाख)

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।